ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 31 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-58 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

दीपिका चिखलिया ने रीक्रिएट किया 'रामायण' से...

पेज 12 पर







NEWS इन ब्रीफ

## जामताड़ा में शख्स ने अपने दो बच्चों की हत्या कर लाशें जंगल में फेंकी

**रांची।** जामताड़ा में एक सनकी व्यक्ति ने अपने दो बच्चों की गला दबाकर हत्या कर उनकी लाशें जंगल में फेंक दी और इसके बाद खुद पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसे ग्रामीणों ने बेसुध हाल में पेड़ से उतारा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और फिलहाल इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया है। यह वारदात जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव की है। बताया गया कि कुछ ग्रामीणों ने बुधवार को गांव के पास बिरहरा जंगल में दो बच्चों की लाश देखी। इनकी पहचान गांव के मनोरंजन मरांडी की तीन वर्षीय बेटी सुरावली मरांडी और डेढ़ साल के बेटे शिवराम मरांडी के रूप में हुई। इन दोनों की हत्या रस्सी के जरिए गला घोंटकर की गई थी। पूरे गांव में इसकी खबर तेजी से फैली।

## झारखंड में मौसम का यू-टर्न, अलर्ट जारी

**रांची।** राजधानी रांची में गुरुवार को सुबह से तेज धूप थी। इसके बाद दोपहर बाद मौसम ने करवट बदला। आसमान में बादल छा गए। हवाएं चलने लगीं। शाम होते बारिश होने लगी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 31 मार्च को कई स्थानों पर गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश के आसार हैं। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। एक अप्रैल को भी कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। दो, तीन और चार अप्रैल को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। पांच अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मौसम शुष्क रहेगा। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को 31 मार्च और एक अप्रैल के लिए राज्य में चेतावनी जारी की है कि मौसम एक्टिविटी ज्यादा है।




# जय श्री राम के जयघोष से गूंजी रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्यभर में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। जय श्री राम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहा था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर के कई स्थानों पर झांकी भी प्रदर्शित की गई। गुरुवार की सुबह से हनुमान मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पंडितों ने पूजा-अर्चना करवाकर ध्वजारोहण कराया। लोगों ने भक्तिभाव से श्रद्धा और शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया।

**अखाड़ा समितियों ने निकाली शोभायात्रा :** रामनवमी पूजा को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। इसमें श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आए। वहीं, कई अखाड़ा समितियों द्वारा चलंत झांकी भी निकाली गई। रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से झांकी बनाए गए थे। झांकी में कलाकारों के द्वारा नृत्य पेश कर श्री राम सीता, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, सहित विभिन्न प्रकार के नाटक किए रूप से प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



## हजारीबाग में शनिवार तक सड़कों पर रहेगा कारवां

**रामनवमी** पर झारखंड के तमाम शहरों और गांवों में हनुमान ध्वज-पताकाओं और मनोहारी झांकियों के साथ विशाल शोभायात्राएं निकाली गईं। ज्यादातर जगहों पर देर रात तक यह सिलसिला जारी रहा। वहीं, हजारीबाग शहर की रामनवमी सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है, जहां शोभायात्रा शनिवार शाम तक जारी रहेगी। इस दौरान लाखों की तादाद में लोग शोभायात्राओं के मार्गों पर जमे रहेंगे। यहां निकाली जानी वाली सैकड़ों झांकियों का कारवां देखने के लिए झारखंड सहित कई राज्यों से लोग पहुंचे हैं। हजारीबाग में रामनवमी शोभायात्रा का यह 105वां वर्ष है। रांची के अलावा जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, चतरा, गिरिडीह, देवघर, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, रामगढ़, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज सहित कई शहरों में भी शोभायात्राएं निकाली गईं।

### मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर में की पूजा-अर्चना, कहा

# अपने जीवन में भगवान श्री राम के आदर्शों को करें आत्मसात

### मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और खुशहाली की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पावन पर्व रामनवमी की अनंत बधाई दी और कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं। रामनवमी महापर्व आपसी एकता, बंधुत्व, सौहार्द और वर्षों से चली आ रही परंपरा और संस्कृति को मजबूत बनाता है। तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम जानकी का दर्शन कर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने जीवन में भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें। क्योंकि, इसमें सबका कल्याण निहित है। साथ ही उन्होंने प्रभु श्री राम के चरण में शीश नवाकर राज्यवासियों की उन्नति, सुख- समृद्धि, शांति और स्वस्थ जीवन के लिए आशीर्वाद लिया।



मुख्यमंत्री ने यहां हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष रामनवमी महापर्व के अवसर पर तपोवन की पवित्र भूमि को विकसित करने की घोषणा की थी। इस वर्ष रामनवमी पर मंदिर और आसपास के क्षेत्रों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है। अगले वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर यहां भगवान श्री राम जानकी के भव्य मंदिर का आप दर्शन करेंगे। तपोवन मंदिर परिसर के विकास पर 14 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर और भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को संरक्षित और विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का विकास इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इस मंदिर को एक प्रतीक के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और श्री राम जानकी तपोवन मंदिर समिति तथा श्री श्री महावीर मंडल निवारणपुर समिति के सदस्य मौजूद थे।

**उपद्रव** राम नवमी पर कई राज्यों में उपद्रवियों ने किया हंगामा

# प. बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र में हिंसा

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

रामनवमी के मौके पर यूं तो देश भर में शांति रही और लोगों ने इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया पर प. बंगाल के हावड़ा, गुजरात के वड़ोदरा और महाराष्ट्र के संभाजी नगर में उपद्रवियों को हंगामा करने का मौका मिल ही गया। इन तीनों स्थानों पर झड़पें हुई हैं। तनाव दिल्ली में भी हुआ पर त्वरित कार्रवाई होने के कारण दिल्ली का तनाव आगे नहीं बढ़ सका।

वड़ोदरा में फतेहपुरा इलाके में राम नवमी के जुलूस पर पथराव किया गया। हावड़ा में जुलूस के दौरान हंगामा हुआ और वाहनों में आग लगाई गई। हंगामे के बाद पुलिस कर्मियों ने इलाके में फ्लैग मार्च किया।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हावड़ा की घटना के लिए नाम लिए बिना बीजेपी को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक दंगों को अंजाम देने के लिए राज्य के बाहर से गुंडे बुलाते रहे हैं। उनके जुलूसों को किसी ने नहीं रोका, लेकिन उन्हें तलवारें और बुलडोजर लेकर मार्च करने का अधिकार नहीं है। उन्हें हावड़ा में ऐसा करने का दुस्साहस कैसे हो गया? ममता बनर्जी ने कहा कि रमजान का भी महीना चल रहा है और इस महीने में मुसलमान कोई 'गलत' काम नहीं करते हैं। मेरी आंख-कान सब खुले हैं। मैं सब कुछ सूंघ सकती हूं। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से जुलूस निकालते समय मैंने उन्हें पहले ही आगाह कर दिया था कि वे सावधान रहें। मैंने पहले भी कहा था कि रामनवमी की रैली करेंगे तो हिंसा हो सकती है। आज हावड़ा में बुलडोजर भी लेकर गए। रूट बदल दिया। किससे पूछकर रूट बदला? जिससे एक समुदाय को टारगेट किया जा सके।

उधर, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के किराडपुरा इलाके में भी दो समूहों के बीच झड़प हुई और पथराव किया गया। साथ ही कुछ निजी और पुलिस के वाहनों में आग लगा दी गई।

## लखनऊ में भी रामनवमी पर हंगामा

**लखनऊ** में भी रामनवमी पर हंगामा हुआ। डीसीपी नॉर्थ लखनऊ कासिम आबिदी ने कहा कि सुमित नाम के एक व्यक्ति के साथ 10-15 लोग डीजे पर कुछ संगीत बजा रहे थे, जिसके बाद लोगों के दो समूहों के बीच बहस छिड़ गई। इस पर एक अन्य समूह की ओर आपत्ति जताई गई जब वह जानकीपुरम थाने के अंतर्गत मीडियाओं गांव में एक धार्मिक स्थल से गुजरा। जुलूस की अनुमति नहीं थी। दोनों गुटों को हिरासत में लिया गया। इलाके में शांति कायम है।

# राज्य के पुलिसकर्मियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

### दारोगा से इंस्पेक्टर में प्रमोशन पा चुके अफसरों का होगा प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस में एक साथ 200 इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी जो डीएसपी में प्रमोशन के योग्य हैं, उनकी ट्रेनिंग होगी। दो अप्रैल से होने वाली ट्रेनिंग में 14 दिनों तक हजारीबाग के झारखंड पुलिस अकादमी में पुलिस अफसरों की ट्रेनिंग होनी है, इसके बाद चार सप्ताह की फील्ड ट्रेनिंग अफसरों के संबंधित जिले में ही होगी। इसी तरह दारोगा से इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन पाने वाले 200 योग्य अफसरों की ट्रेनिंग टीटीएस जमशेदपुर में होगी। दारोगा से इंस्पेक्टर रैंक में प्रमोशन पा चुके वैसे अफसर जिन्होंने इंडक्शन ट्रेनिंग पूर्व में नहीं ली थी, उन्हें भी ट्रेनिंग में शामिल किया गया है।

### ट्रेनिंग को बनाया गया है अनिवार्य

**प्रमोशन** पाने वाले अफसरों के लिए छह सप्ताह का इंडक्शन कोर्स करना अनिवार्य है। राज्य पुलिस मुख्यालय के प्रशिक्षण निदेशालय के अनुसार, दारोगा से इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में प्रमोशन के बाद इंडक्शन ट्रेनिंग छह सप्ताह की होती है। हजारीबाग में ट्रेनिंग में जानेवाले अफसरों को एक अप्रैल, जबकि जमशेदपुर में ट्रेनिंग में जानेवाले अफसरों को दो अप्रैल को संबंधित ट्रेनिंग सेंटर में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।







# मुस्लिमों ने जुलूस का किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उदूर्शायर इकबाल ने कहा था, है राम के वजूद पर हिंदुस्तां को नाज, अहले नजर समझते हैं इनको इमाम-ए-हिंद। रांची के विभिन्न मुस्लिम संगठनों, तंजीमो, सोसाइटी, अंजुमनों ने इकबाल की ही पैरवी करते हुए रामनवमी शोभायात्रा का शानदार अभिनंदन किया। जुलूस लेकर चल रहे सभी अखाड़ा के अखाड़ा परमुख को पगड़ी बांधकर शील्ड देकर मुस्लिम संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। रमजान के इस पवित्र माह में स्वागत शिविर पर ही रोजेदारों ने रोजा खोला। इतना खूबसूरत मंजर की इधर रामभक्तो का स्वागत भी किया जा रहा है साथ ही इफ्तार के समय रोजा भी खोला जा रहा है। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के केंद्रीय अध्यक्ष मो. सईद, अकीलुर रहमान, आफताब आलम, तौहीद, मो इस्लाम ने कहा कि कमिटी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कैफे मुगल के सामने स्वागत शिविर लगाकर शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालु और रामभक्तों का चना, गुड़ एवं शर्बत-पानी से स्वागत किया जा रहा है। हिंदपीढ़ी वार्ड 23 के पार्षद उम्मीदवार खालिद उमर, पूर्व पार्षद हाजी उमर, साजिद उमर, महबूब, जमील अख्तर सोनू ने स्वागत कैंप लगाकर भव्य स्वागत किया। सभी परमूख को पगड़ी, फूल माला पहना कर स्वागत किया। खालिद उमर ने अपने कैंप में शर्बत, छोहाड़ा, संतरा, केला, अंगूर बांटते नजर आए। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशेर आलम के द्वारा और झारखंड तंजीम के द्वारा रामभक्तो का स्वागत किया गया। महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, राजीव रंजन मिश्रा, कई पुलिस प्रशासन ने इफ्तार में शामिल होकर स्वागत कर रहे मुस्लिम भाइयों का स्वागत किया। इसी तरह दर्जनों मुस्लिम संगठन ने स्वागत शिविर लगा कर जुलूस का स्वागत किया।



# रामनवमी के अवसर पर खाटू नरेश का महास्नान किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री रामनवमी के अवसर पर गुरुवार को खाटू नरेश का महास्नान उत्सव अनुष्ठान मनाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसररिया ने बताया कि गंगाजल दूध दही शहद इत्र गुलाब फूल आदि के महा मिश्रण से खाटू नरेश का महास्नान करवाकर नवीन बैंगनी कलर का बागा पहनाकर लाल गुलाब बेली सूर्यमुखी तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। गुलाब रूह से मसाज करके पंचमेवा पंच फूल पंजीरी पंचामृत ककड़ी खीरा मिष्ठान नमकीन का भोग लगाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्यामसुंदर शर्मा मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा आचार्य अनूप दाधीच व मंदिर के आचार्यों ने महास्नान अनुष्ठान संपन्न करवाया। राजा रामचंद्र के जन्म समय 12:00 बजे मंदिर के पट खोल कर पंचदीप की आरती की गई ।भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया हिनो निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल मधु अग्रवाल उत्कर्ष अग्रवाल हर्ष अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ श्रृंगार सेवा बागा सेवा पंचमेवा प्रसाद आदि की सेवानिवृत्त की । श्री खाटू धाम के शिक्षा मंदिर की परंपरा के अनुसार ही सभी कार्यक्रम मनाए गए।



## शनिवार को एकादशी कीर्तन

कामदा एकादशी के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9:30 बजे से एकादशी का कीर्तन होगा।

**56 वां श्री श्याम भंडारा :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की देखरेख में आलू छोला का प्रसाद बनाया गया था। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भंडारा का प्रसाद अर्पित किया गया। भजनों का गायन करके देवी देवताओं की मनुहार कर भोग स्वीकार करने की निवेदन किया गया। श्याम सुंदर जोशी आत्माराम मोदी रंजीत गाड़ोदिया डॉ प्रवीण नारसरिया सुभाष रौनक पौदार राजेश कतरूका का श्याम सुंदर शर्मा पंकज गाड़ोदिया स्नेह पोदार प्रकाश अग्रवाल शंकर लाल सोमानी उत्कर्ष लोहिया संजय सराफ विष्णु जालान श्रवण ढानढनिया कमलेश सावा रोशन खेमका प्रकाश सरावगी किशन शर्मा दीपक अग्रवाल प्रेम प्रकाश अग्रवाल अश्वनी आकांक्षा साबू ने 56 वे भंडारे की सेवा निवेदित की। कार्यक्रम के संयोजक संजय सराफ हैं।

# रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

सिल्ली मुरी क्षेत्र मे चैती दुर्गा पुजा के नवमी के दिन रामनवमी का त्यौहार बड़ी धुमधाम से मनाया गया ! सुबह से ही हिन्दू समुदाय के लोग बजरंग बली की विधिवत पुजा अर्चना के साथ हवन किया। अपने घरों मे एवं बजरंग बली के मंदिर मे भगवा झंडा को लहराया गया साथ ही सभी के बीच प्रसाद के रुप मे चना गुड़ का वितरण किया गया ! शाम के समय जय श्री राम कमिटी पोस्ट ऑफिस के पास अखाड़े मे बजरंग बली की पुजा अर्चना कर झांकी निकाली गई। झांकी मे छोटे छोटे बच्चे समेत बड़े लोग भी तलवार बाजी, लाठी खेल के करतब दिखाएं। यह झांकी रेलवे क्लोनी हनुमान मंदिर, रेलवे मार्केट हनुमान मंदिर होते हुए टुंगरी पहाड़ चैती दुर्गा मंदिर के अखाड़े तक गए और झांकी के प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। हर तरफ जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारे से क्षेत्र गुंजामय हो गया। पुरा क्षेत्र भगवा रंग मे रंग गया। हर तरफ चना गुड़, पानी, शरबत की व्यवस्था की गई थी। सिल्ली मुरी के प्रशासन भी रामनवमी त्यौहार को लेकर मुस्तैद थे। किसी प्रकार की अप्रीय घटना ना हो इसको लेकर पुलिस दिनभर सड़कों पर अखाड़ों पर घुमते नजर आए। टुंगरी पहाड़ मे चैती दुर्गा मां के नवां रुप की पुजा अर्चना किया गया। पुजा समाप्त होने के बाद खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। मां के दर्शन के लिए टुंगरी पहाड़ में हजारों की संख्या मे भीड़ लगी थी। इस पुरे कार्यक्रम को सफल बनाने मे जय श्री राम कमिटी की सरहनीय योगदान रहा।

# इटकी में प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई

नवीन मेल संवाददाता। इटकी

मयार्दा पुरुषोतम प्रभु श्रीराम के जयकारे के साथ इटकी में गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। केन्द्रीय श्री महावीर मंडल द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान पूरा इटकी क्षेत्र राममय हो गया। वहीं विभिन्न गांवों से पहुंचे अखाड़ों के लोग तासा, नगाड़ा सहित अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर जमकर नाचे। इसके पूर्व इटकी महावीर चौक के पास विभिन्न गांव के रामभक्त हजारों की संख्या में सैकड़ों लोग महावीरी पताका, तासा, ढोल, नागाड़ा, तलवार भला सहित अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र लेकर जुटे। इसके बाद लगभग साढ़े तीन बजे प्रभु श्रीराम और बजरंग बली की जयघोष के साथ शोभायात्रा मौसीबाड़ी मैदान पहुंची। राम भक्तों के सैलाब से मुख्य महावीर मंदिर से लेकर मौसीबाड़ी तक मार्ग पट गए। मौसीबाड़ी मे अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार झिंझरी को झांकी में महतोटोली को मुख्य अतिथि बीडीओ गौतम प्रसाद साहू और थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शोभायात्रा की अगुवाई महावीर मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कमेश वर्मन, कृष्णाराम तिवारी, देवेन्द्र महतो, श्रवण गोप, कंचित शाही, भोला उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, कलिम अंसारी, नंदलाल महतो आदि रहे थे।

# घर का ताला तोड़ कर की चोरी

रांची। रांची के बोरिया रिवर व्यू कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़ नगदी समेत पांच लाख रुपए से ज्यादा के जेवरात की चोरी कर ली। इस वारदात को चोरों ने बुधवार की दोपहर उस समय अंजाम दिया, जब परिवार के लोग सवा दो घंटे के लिए घर से बाहर गए थे। इस संबंध में रिवर व्यू कॉलोनी निवासी सुबोध कुमार विश्वास ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाल रही है।

**पत्नी व पुत्री को लाने स्कूल गए थे सुबोध :** सुबोध की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बुधवार को दिन के ग्यारह बजे वह अपनी बाइक से बेटी और पत्नी को लाने के लिए घर से निकले थे। स्कूल से पुत्री को लेने के बाद वह सीधे पत्नी के पास चले गए। आरयू से पत्नी को लेने के बाद वह दिन के डेढ़ बजे घर पहुंचे। देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। कपड़े और सोना व चांदी के जेवरात के अलावा 80 हजार नगती व लैपटॉप व मोबाइल गायब है। इसके बाद वह सीधे सौ नंबर पर डायल कर घटना की पूरी जानकारी दी। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

## भुसूर ने जीती अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आ हुआ आयोजन

**अनगड़ा।** रामनवमी मेला समिति सहेदा द्वारा गुरुवार को अस्त्र-शस्त्र चालन सह झांकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता और झांकी में प्रथम भुसूर, द्वितीय नायक टोली खुदिया और तृतीय पुरस्कार सांडी को दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को तलवार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष पारसनाथ भोगता, सचिव नंदलाल राम, कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह, सह कोषाध्यक्ष श्रीनाथ महतो, संरक्षक श्रवण कुमार मुंडा, मुखिया राजेंद्र बेदिया, पंचायत समिति सदस्य विनोद रजवार, अनिल कुमार महतो, उपमुखिया मनीराम मुंडा ने पुरस्कार वितरण किया।

# रातू: महावीरी जुलूस में उमड़े भक्तजन

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में गदेधारी पवनसुत हनुमान की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। महावीरी जुलूस में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा, उषामातु के छापरगड़हा व झखराटांड में आयोजित मेले में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में सांसद व विधायक समेत कई राजनीतिक दल के नेता भी शामिल हुये और लोगों का हौसला बढ़ाया। ऐतिहासिक राजकिले में पारंपरिक



झंडा मिलन के बाद अखाड़ेधारी सम्मानित किये गये ।कई स्थानों में मनमोहक झांकी भी निकाली गयी। राम- लखन- जानकी जय बोलो हनुमान की ,नारे से क्षेत्र गूंज उठा। जुलूस में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया और पारंपरिक एकता व भाइचारे की मिशाल कायम की। सीएचसी की ओर से चलंत चिकित्सा की व्यवस्था थी। विभिन्न पूजा समिति ने अखाड़ेधारी व मेलार्थियों के बीच पेयजल, गुड व चने का वितरण किया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थानेदार सपन कुमार महता ने संभाली। इलाके में देर रात तक शांति बनी रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। **हुरहुरी में पारंपरिक एकता की मिसाल :** हुरहुरी से निकाली गई रामनवमी जुलूस में दोनों समुदाय के लोगो ने हिस्सा लिया व पारम्पारिक एकता की मिसाल कायम की। दोनों समुदाय के लोगो ने एक दूसरे से मिलकर त्योहार की बधाई दी व जुलूस में शामिल रामभक्तों के बीच पानी व चना का वितरण भी किया। जुलूस की सुरक्षा को लेकर दोनों समुदाय के लोगो का युवा दस्ता बनाया गया था।

# रामायण कथा का आयोजन हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

निंमुआ राजा गोड़ा में तीन दिवसीय रामायण कथा और पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें मंगलवार को कलश यात्रा के बाद रात्रि में वरेंदा के संजना कुमारी के द्वारा रामायण का कथा पाठ किया गया। वही बुधवार को गोकुल नगर के दशरथ महतो द्वारा रात्रि को राम कथा पाठ हुआ। आज गुरुवार को रामायण कथा पाठ असुरकोडा के परशुराम महतो के द्वारा किया जाएगा और रात्रि में जागरण होगा। रामायण



कथा का पूजन बोकारो के पवन शास्त्री एवं पंचानन बनर्जी द्वारा किया गया ।पूरे कार्यक्रम का आयोजन संस्थापक ठाकुर दास महतो एवं कलावती देवी ने किया। इस को सफल बनाने में निमुआ के सुभाष महतो, सावित्री देवी, नारायण, धर्मनाथ, विश्वनाथ, अंबू नाथ, डॉ संजीत, धीरेंद्र, रविन्द्र, वीरेंद्र, दिनेश, अरुण, कलेश्वर, रंजीत, श्याम, राम, करमचंद, अजीत, रमेश, दिनेश, दशरथ, प्राण, पांडव, धलटु समेत समस्त ग्राम वासियों का सराहनीय योगदान रहा।

**लॉटरी** | **एक अप्रैल को कार्यालय में दुकानदारों को बुलाया गया**

# लॉटरी प्रक्रिया से होगी मार्केट में शिफ्टिंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने लालपुर-कोकर सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों, मांस-मछली विक्रेताओं को डिस्टलरी पुल के नीचे बने लालपुर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। एक अप्रैल को निगम कार्यालय के आठवें तल्ले पर दोपहर 12 बजे लॉटरी सिस्टम की प्रक्रिया अपनाएगी। इसके जरिये 74 मांस, मछली विक्रेताओं को चबूतरा का आवंटन करेगा। इन 74 विक्रेताओं को नगर विक्रय समिति द्वारा निरीक्षण, अनुशंसित और अनुमोदित किया गया था। निगम ने इन सभी अनुशंसित विक्रेताओं को आधार कार्ड एवं सर्वेक्षण पावती के साथ एक अप्रैल को लॉटरी सिस्टम में भाग लेने को निगम कार्यालय बुलाया है। जिन 74 लाभुकों का नाम लॉटरी के लिए तय किया गया है, उसकी लिस्ट निगम की वेबसाइट पर जारी की जा चुकी है। काफी लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि डिस्टलरी पुल के आसपास



सब्जी बाजार, मीट- मछली की दुकानों के चलते लालपुर-कोकर रोड जाम हो जाता है जो बेहद कष्टदायक होता है। खासकर ऑफिस, स्कूल जाने- आने के समय पर। ऐसे में इसके निदान के लिए नगर निगम ने रोड पर सब्जी, मीट मछली बेचने वालों का सर्वे कराया। अब इसी आधार पर चिन्हित लाभुकों को लॉटरी सिस्टम के जरिये डिस्टलरी पुल के ही समीप बने वेंडर मार्केट में बैठने को चबूतरा दिया जा रहा है। इससे लालपुर-कोकर का ट्रैफिक लोड घटेगा और मीट मछली विक्रेताओं को भी कारोबार करने को एक सुरक्षित जगह मिलेगी। साथ ही आम लोगों को भी आने-जाने के लिए सुविधा होगी।

## स्कूल द्वारा फेल करने पर अभिभावकों और बच्चों में रोष

**रांची ।** दयानंद पब्लिक स्कूल, साकची में 40 बच्चों को फेल किया गया है और उसी को लेकर अभिभावकों और बच्चों में रोष है। पहले डीसी ऑफिस पहुंचे और उसके बाद अभी शिक्षा विभाग पहुंचे हैं। यहां पर आकर लेटर लिखकर यह मांग कर रहे हैं कि उनके बच्चों को प्रमोट किया जाए।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में पहले गोली भी चल चुकी है। स्कूल के रवैया पर यह बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि जो बच्चों को फेल किया गया है, यह सब बच्चे पढ़ने में अच्छे थे, जब कि जो बच्चे पास हुए हैं ,वह पढ़ने में अच्छे नहीं थे। वही स्कूल की प्रिंसिपल स्वर्णा मिश्रा का कहना है कि बोर्ड के नियमानुसार हम लोग 9ँ एवं 11 के बच्चे को मौका दिए, उनका रीटेस्ट लिए ,फिर भी पास नहीं किए, तो उन्हें स्कूल से नहीं निकाले हैं।

# रामनवमी की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

हल्की बारिश और तेज हवा भी रामनवमी त्योहार में राम भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। हल्की बारिश और तेज हवा के बीच गुरुवार को भक्तिपूर्ण वातावरण में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी महोत्सव का मुख्य आकर्षण केंद्रीय रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में आयोजित नवमी की विराट शोभायात्रा रही, जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों अखाड़ों के खिलाड़ियों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। प्रातः काल से ही शहर के प्रमुख देवी गुड़ी, महादेव मंडा, दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली, श्रीराम मंदिर पिपराटोली, हनुमान मंदिर भगत सिंह चौक, ठाकुरबाड़ी सहित अन्य मंदिरों व अखाड़ों में प्रभु श्री राम व उनके परम भक्त वीर हनुमान की पूजा-अर्चना श्रद्धा और निष्ठा से की गई। नवमी की यह शोभायात्रा अपराहन नेताजी चौक से निकलकर डाक बंगला रोड, भगत सिंह चौक, मुख्य पथ, शिवाजी चौक, कर्रा रोड, बड़ी मस्जिद लेन, चौधरी मोहल्ला, तेली टोला, बड़ाईक टोली, लियाकत अली लेन, गढ़टांड़, डहगुटू, मिश्रा टोली, मुख्य पथ, थाना परिसर होते हुए पुनः नेताजी चौक पहुंची और वहां से अपने गंतव्य आश्रम टांड़ मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस के समापन के बाद जुलूस में शामिल सैकड़ों महावीरी पताकाओं को आश्रम टांड़ मैदान में वृत्ताकार परिधि में स्थापित कर दिया गया। शोभायात्रा में 108 लाइसेंसी महावीरी झंडों के साथ विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी व विशाल जनसमूह राम भक्त हनुमान की जय जयकार करते अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते और ताशे व भजनों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। विभिन्न संगठनों ने स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, ठंडा पेय, फल, चना, गुड़ आदि की व्यवस्था की थी।

## कैमरे की नजर में







# शोभायात्रा में प्रशासनिक अधिकारी रहे मुस्तैद

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम मुस्तैद रही। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल अल्बर्ट एक्का चौक पर जिला प्रशासन के मंच से शोभायात्रा की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। राजधानी रांची का मेन रोड लगभग दो बजे से ही महावीरी अखाड़ों के जुलूस से पट गया। अलबर्ट एक्का चौक में लगभग 11 सौ अखाड़ों की शोभायात्रा पहुंचेगी। कई जगहों की शोभायात्रा



मेन रोड पहुंची। यह शोभायात्रा ओवरब्रिज स्थित निवारणपुर महाबीर मंदिर परिसर तक गयी। दिन के एक बजे के बाद से मेन रोड में प्रवेश बंद कर दिया गया था। एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक, अपर बाजार से शहीद चौक, जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक, चर्च रोड से मेन रोड, वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ, विष्णु सिनेमा मार्ग से, पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड की ओर वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। इसके साथ ही बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी। वैसे छोटे वानहों पर भी अंदर जाने से मना कर दिया गया था। जुलूस बहुत ही शहर में भव्य रूप से निकाला गया। लोगों से अपनी आस्था को कायम रखते हुए इसे शांतिपूर्वक रूप से जुलूस में शामिल रहे। गुरुवार को पूरा शहर श्रीराम के जय-जयकारों से गुंज रहा था। कई स्थानों पर महिलाएं भी अस्त्र-शस्त्र की खेलों में नजर आयीं। मेन रोड में भव्य जुलूस का नजारा देखने को बन रहा था। जुलूस में शामिल हर कोई अपना माथे पर पट्टा बांध कर अपने आस्था की पहचान दिख रही थी। जगह-जगह पर गुड, चना और शर्बत का भी इंतजाम किया गया था। इस जुलूस में हर समुदाय के लोग शामिल हुए और जुलूस की शोभी को बढ़ा। इस मौके पर एक दूसरे को बधाई भी देते नजर आये।

## खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के लिए मांगे गए आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी 24 जिलों में 15 अप्रैल तक आवेदन दिए जाने की अपील जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से की जा रही है। खूंटी, सिमडेगा सहित अन्य जिलों ने तो बाकायदा विज्ञापन जारी कर खिलाड़ियों से इसका लाभ उठाने को कहा है। राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 10 जून, 2022 के बाद अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया हो, उन्हें सम्मान राशि का लाभ राज्य की नयी खेल नीति के आधार पर मिलेगा। यहां तक कि अगर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी भी हुई हो तो राज्य सरकार उन्हें लाभान्वित करेगी। जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से यह भी बताया जा रहा है कि जिले या खेल विभाग की वेबसाइट से योग्य खिलाड़ी आवेदन पत्र प्राप्त कर खेल विवरणी के साथ निर्धारित अवधि तक अपना आवेदन डीएसओ कार्यालय में जमा कर दें।

## 'जियो और जीने दो' के नारे के साथ 'अहिंसा रन' दो अप्रैल को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। महावीर जयंती दो अप्रैल पर रांची में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो ) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन करेगा, जो मोरहाबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोरहाबादी में ही खत्म होगी। अहिंसा रन के जरिये विश्व शांति और अहिंसा का संदेश दिया जायेगा। अहिंसा रन में हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। अहिंसा रन के तीन चरण होंगे, जिनमें सबसे कम तीन किमी, पांच किमी और दस किमी है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन और जीतो यूथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।रजिस्ट्रेशन कराने के लिए तीन किमी वाले को 300 रुपये, पांच किमी वाले को 400 रुपये और 10 किमी वाले को 500 रुपये देने होंगे। यह एक मैराथन दौड़ होगी। अगर दौड़ नहीं सकते तो चल भी कर सकते हैं। अहिंसा और शांति का संदेश देने के लिए भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विश्वभर के 23 देश, जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। इस आयोजन के जरिए एक ही दिन में कई जगहों पर ह्यजियो और जीने दोह्न के नारों के साथ लोग अहिंसा रन में दौड़ते दिखेंगे। इसका उद्देश्य भारी संख्या में लोगों को इस दौड़ से जोड़कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है। मैराथन दूरी की हर कैटेगरी के लिए (तीन किमी, पांच किमी, दस किमी) प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेताओं ( महिलाओं एवं पुरुषों) को अलग-अलग दी जायेगी।

## कामना के साथ 31 ज्योति कलश और ज्वारा का हुवा विसर्जन

**रांची।** श्री श्री शीतला माता मंदिर गढ़हाबासा में चल रहे चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित ज्वारा महोत्सव का भव्य विसर्जन सह शोभायात्रा निकाला गया। ज्ञात हो की इस वर्ष 31 ज्योति कलशों की स्थापना की गई थी, जिनकी पूजा बड़े ही धूम धाम के साथ नौ दिनों तक की गई। प्रत्येक दिन संध्या समय गीत के माध्यम से माता को प्रसन्न किया जाता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का यह बहुत ही प्रसिद्ध पर्व है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताएं व बहनें ज्योति कलश व ज्वारा सिर पर लेकर पंक्ति बद्ध होकर विसर्जन के लिए चल रही थी।

## चर्च में दो अप्रैल को मनाया जायेगा खजूर पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च, संत मरिया महागिरजाघर चर्च, जीएल चर्च और संत स्टेफन चर्च में मसीही समुदाय 2 अप्रैल को खजूर पर्व मनाएंगे। इस दौरान संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च के पुरोहित डेविड ने बताया कि इसमें खजूर और क्रूस का संस्कार एवं वितरण किया जाएगा। महाधर्माध्यक्ष बिशप बीबी बास्के एवं सहायक पुरोहितगण शामिल होंगे। इस दौरान सुबह 6:30बजे संत पॉल्स कैथेड्रल में पुरोहित जेडब्ल्यू तिलमिंग, नामकोम संत बरनाबास उपासनालय सुबह 9 बजे पुरोहित विजय कुजूर, ऑल सेंटस सेमेट्री



चैपल के पुरोहित एम। ओड़िया और सुबह 9 बजे चुड़ू यूनिट पुरोहित पीएस गुड़िया द्वारा प्रभु की आराधना की जाएगी। अपने परमेश्वर को स्मरण करेंगे और उनके कार्य और आदर्शों को दूसरों के बीच बढ़ाने के लिए ईश्वरीय आशीष और अगुवाई मांगी जाएगी। प्रभु भोज अनुष्ठान के उपदेशक पुरोहित सिकंदर नाग होंगे। 3, 4 एवं 5 अप्रैल को पवित्र सप्ताह और सोमवार, मंगलवार और बुधवार संध्या कालीन एवं क्रूस कथा मनाया जाएगा। 6 अप्रैल को पवित्र प्रभु की आराधना की जाएगी। 7 अप्रैल को क्रूस की विजय पर क्रूस पर से उतारे गए यीशु की सात वाणी पर उपदेश पुरोहित सिंकदर नाग देंगे। 9 अप्रैल को प्रभुयीशु पुनरुत्थान दिवस मनाया जाएगा।

**मुआवजा** एचईसी को अपनी जमीन का नहीं मिला मुआवजा

# 14 साल बाद किया जायेगा भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस मुख्यालय बनने के 14 साल बाद एचईसी को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एचईसी की जिस 19.13 एकड़ जमीन पर झारखंड पुलिस मुख्यालय, थाना और टीओपी का निर्माण हुआ है। इसके लिए 18.419 एकड़ भूमि ही सत्यापित की गयी है। झारखंड सरकार ने 1.10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से हस्तानांतरण की स्वीकृति दी है। सरकार एचईसी को 20.2609 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। पुलिस मुख्यालय और टीओपी के लिए झारखंड सरकार ने एचईसी की 19.13 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी। उक्त जमीन पर नया भवन भी बन गया और वर्ष



2008 में झारखंड का पुलिस मुख्यालय शिफ्ट भी हो गया। पुलिस मुख्यालय शिफ्ट हुए 14 साल गुजर गये, लेकिन सरकार अबतक उक्त जमीन के एवज में मुआवजे का भुगतान नहीं कर पायी थी। एचईसी ने सरकार को लिखे गये पत्र में कहा था कि शहरी विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से स्मार्ट सिटी परियोजना में एचईसी की 656.30 एकड़ जमीन लिये जाने का जिक्र किया था। यह भी याद दिलाया था कि पुलिस मुख्यालय व टीओपी के लिए पूर्व में एचईसी की 19.13 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गयी थी। उक्त भूखंड पर पुलिस मुख्यालय व टीओपी संचालित है, लेकिन बकाये का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। उक्त जमीन 1.10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अधिग्रहित की गयी थी, जिसका कुल बकाया 21.043 करोड़ रुपये है।

## झारखंड पुलिस अकादमी की ट्रेनिंग में होमगार्ड के चार कंपनी कमांडर फेल

**रांची।** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित ट्रेनिंग में होमगार्ड के 14 कंपनी कमांडर पास हुए हैं जबकि चार फेल हो गये हैं। ट्रेनिंग में होमगार्ड के 18 कंपनी कमांडर शामिल हुए थे। आईजी ट्रेनिंग ने लिस्ट जारी कर इसकी जानकारी दी है। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में आयोजित ट्रेनिंग में पास हुए 14 कंपनी कमांडर में मनसिद्ध सुरीन, ऋषिकेश, अनुराधा तिग्गा, संजीव कुमार शर्मा, रोशन उरांव, रंजीत कुमार ,जयपाल कुजुर, प्रकाश लकड़ा, श्रेय अलंकार, अरविंद कुमार, राजेंद्र राम बेदिया, निरल केरकेट्टा, राजेश लकड़ा और जावेद इकबाल अंसारी शामिल हैं। फेल हुए कमांडर में सुमन कुमार, प्रभु उरांव ,आनंद नायक और राज रोशन उरांव के नाम शामिल हैं।

# झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी। राजधानी रांची से इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। फिलहाल रांची के लिए 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसों की खरीद की स्वीकृत दी गई है। केंद्र सरकार के सुझाव पर यह सेवा शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था। रांची में बसों का परिचालन मंत्रालय के सुझाव के अनुसार पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भाड़ा भी तय कर दिया गया है। यात्रियों से फिलहाल कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 20 रुपये किराया लिया जायेगा। योजना के अनुसार रांची और उसके आसपास



के क्षेत्र के लिए 244 बसों की जरूरत है। सर्वे के अनुसार बसों के परिचालन पर कुल लागत 42.1 रुपये प्रति किमी आयेगी। बसों के परिचालन से 44.8 रुपये प्रति किलोमीटर की कमाई होगी। इस हिसाब से 17.3 रुपये प्रति किलोमीटर का घाटा होगा। वर्तमान में इन बसों का परिचालन पूर्व निर्धारित 13 रूटों पर किया जायेगा। रास्ते में 110 पड़ाव होगा। पहले मेन रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर इन बसों का परिचालन किया जाएगा। एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए चौड़ी सड़कों की जरूरत है। एसी बसों की लंबाई भी सामान्य सिटी बसों से ज्यादा होती है। ऐसे में रांची नगर निगम भी 220 सामान्य सिटी बसों की खरीदारी करेगी। राज्य सरकारी कि पिछली कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

## NEWS इन ब्रीफ

### गोली कांड में घायल युवक की मौत

**देवघर ।** देवघर के जटाहर बाबा के समीप बुधवार की देर रात हुए गोली कांड में युवक राज केसरी उर्फ राजकुमार केसरी की मौत इलाज के लिए ले जाये जाने के क्रम में हो गई। बताते चलें कि राज केसरी और उसके दोस्तों में देर रात किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी जिसके बाद उसके दोस्तों ने ही उसको गोली मार दी जिसके बाद राज घर में फोन कर इसकी सूचना दी । आनन-फानन में घर वाले ने उसे देवघर सदर अस्पताल लाया जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रेफर कर दिया मगर रांची ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया । इधर देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट नगर थाना प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मामले की छानबीन में जुटे हैं।

### जुलूस में शामिल घोड़ा व झांकी लोगों के आकर्षक का केन्द्र बना

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला में कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनवमी आस्था के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर कई जगहों पर भगवा ध्वजा लहराया गया तो शोभायात्रा भी निकाली गयी। वहीं भक्ति गीत से पूरा इलाका गुंजायमान रहा मान्यताओं के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में अवतार लिया था। रामनवमी के अवसर पर शहर के कई अखाड़ा कमेटियों की आरे से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जुलूस में शामिल घोड़ा व झांकी लोगों के आकर्षक का केन्द्र बना रहा। जय श्रीराम के जयघोष के साथ जुलूस में शामिल लोग बैंडबाजे के धुनों पर थिरकते रहे।

### गाजे-बाजे के साथ निकली रामनवमी अखाड़ा, हजारों रामभक्त हुए शामिल

**पाकुड।** पाकुड में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ।बजरंगबली मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ हजारों रामभक्त अखाड़ा में शामिल हुए।गाजेबाजे के साथ रेलवे कॉलोनी से रामनवमी अखाड़ा निकाली गयी है जिसमे महिला श्रद्धालु भी शामिल हुए हैं।दर्जनों स्थानों पर रामभक्तों को जल शर्बत पिलाने की व्यवस्था की गयी थी। अखाड़ा में शामिल रामभक्त जयश्रीराम, बजरंगबली का जयकारा लगाकर माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। अखाड़ा के साथ एसडीओ एसडीपीओ सीओ,पुलिस निरीक्षक एवं सैकड़ो की संख्या में जवान चल रहे थे। मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस का भी इंतजाम किया गया था ।चौक चौराहे पर अधिकारी जवान एवं शांति समिति के सदस्य स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

### रामनवमी की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**गुमला।** भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर पूरे जिले में उत्साह का माहौल दिखा। श्री हनुमान जन्मभूमि आंजन गांव में भी माता अंजना का दरबार सजा, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता अंजना व बाल हनुमान के दर्शन करते हुए पूजा-अर्चना की और मंगल कामनाएं की। इधर जिला मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर केंद्रीय महाबीर मंडल के बैनर तले शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिला व युवतियां भी किसी से पीछे नहीं थी। वीरांगनाओं की वेशभूषा में तलवार आदि शस्त्रों के साथ महिलाओं और युवतियों ने अपना जौहर दिखाया । पुरा शहर केसरिया व महाबीरी झंडे से पटा हुआ था। विभिन्न अखाड़ों व पूजा समिति के सदस्य बाजे-गाजे और महाबीरी झंडे लहराते हुए शामिल हुए। ताशे-ढोल और कर्णप्रिय भजनों पर नाचते-थिरकते चल रहें थे। वहीं रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित कई मनोरम झांकियां निकाली गई, जिसे देखने के लिए लोगों में होड़ मची रही।

# रामनवमी जुलूस में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा/कोलेबिरा**



भागवान श्रीराम के जन्मदिवस चैत्र शुक्ल नवमी पर रामनवमी मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा का निर्वाहन करते हुए आज रामनवमी कोलेबिरा में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसे लेकर गुरुवार को सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में नवरात्र के अंतिम दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बृहस्पतिवार को पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर गली-मोहल्ले व चौक-चौराहे रंग-बिरंगे महावीरी पताकों से अटे थे।बृहस्पतिवार अहले सुबह से ही तमाम मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पूरे प्रखंड क्षेत्र में लोगों ने बजरंग बली की पूजा-अर्चना की वही चारों ओर लाउडस्पीकर में भक्तिमय संगीत बजने से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। वह कोलेबिरा थाना परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर में थाना प्रभारी प्रभात कुमार के शक्ति के प्रतीक बजरंगबली के चरणों में पुष्प समर्पित करते हुए क्षेत्र के सुख , शांति और समृद्धि की कामना की।दोपहर बाद शोभायात्रा निकाली गयी। कोलेबिरा प्रखंड में विभिन्न आखड़ाधारियों के ढोल नगाड़ों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ रन बहादुर सिंह चौक से मुख्य मार्ग होते हुए नवाटोली पंचायत स्थित रामनवमी पहाड़ पहुंची। जहां राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी ।इस शोभायात्रा में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक ने भाग लिया। नन्हे मुन्ने बच्चे राम, लक्ष्मण, भरत, सीता के रूप में बहुत सुहा रहे थे। जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। रामनवमी पहाड़ में विभिन्न अखाड़ा धारियों के द्वारा अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। समिति के खिलाड़ियों ने हथियारों के प्रदर्शन के साथ-साथ हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। साथ ही अखाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया वही प्रखंड प्रशासन के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी कोलेबिरा को अंगवस्त्र, पगड़ी पहनाकर एव तलवार देकर मंच पर सम्मानित किया गया। वही शोभा यात्रा में लोगों ने भगवान श्रीराम व बजरंगबली के जयकारे लगाये। विभिन्न समितियों के सौजन्य से सभी आखड़ाधारियों के स्वागत और सुविधाओं का ख्याल रखा गया। बजरंग दल कोलेबिरा ने श्रद्धालुओं के लिए गुड़ चना-शर्बत एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। वही प्रखंड के विभिन्न गांव से आए श्रद्धालुओं के लिए भोक्ता समाज विकास संघ भवरपहाड़ गढ़, दलित विकास संघ कोलेबिरा व बजरंग दल कोलेबिरा ,जय गुरुदेव परिवार के द्वारा जगह जगह पर पेयजल एवं गुड़ चना की व्यवस्था की गई थी।इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा अखिलेश कुमार अंचलाधिकारी हरीश कुमार थाना प्रभारी प्रभात कुमार एस आई रामदेव कुमार राजेश कुमार अंजन मंडल के द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी इनके नेतृत्व में पूरी पुलिस बल की टीम दल बल के साथ मुस्तैद नजर आई।

### बारिश के ऊपर भारी पड़ा रामनवमी का उत्साह और उल्लास

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड में गुरुवार को बारिश तथा प्रतिकूल मौसम के बावजूद बारिश के ऊपर रामनवमी को लेकर लोगों की श्रद्धा और आस्था भारी पड़ी। रामनवमी की उत्साह और उल्लास के आगे बारिश फीकी पड़ गई। लापुंग प्रखंड प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पूरी तरह राममय बना रहा। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आयोजित रामनवमी की शोभायात्रा, झांकी तथा अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता के दौरान रामभक्तों ने अपनी भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन किया। जय श्री राम और बजरंग बली की जय के उद्घोषों से गांव गांव गुंजायमान हो उठा। लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा, महुगांव, फतेहपुर, दानेकेरा, ककरिया, देवगांव और नावाटोली सहित विभिन्न गांव में हजारों महावीरी पताकाओं और गाजा बाजा के साथ लोगों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा के दौरान अलग-अलग झांकी की प्रस्तुति से लोगों ने जन समुदाय का मन मोह लिया।

## श्रीराम के शारीरिक जन्म की याद में मनाया जाता है रामनवमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केन्द्र संचालिका ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने रामनवमी के शुभ अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि राजा राम और राज्य के दाता राम में अंतर है हम अनुभव के आधार पर कह सकते हैं कि वास्तव में राम दो हैं। एक हैं त्रेतायुग के चैदह कला वाला सम्पूर्ण राजा राम और दूसरे हैं राज्य भाग्य के दाता राम जिनकी कलाओं का प्रश्न ही नहीं उठता और वे सदा निर्लिप्त हैं। इसलिए उन्हें रामेश्वरम कहा गया है। दक्षिण भारत में रामेश्वरम नाम से उनकी याद में मंदिर भी है। उन्हें ही शिव भी कहा जाता है। वह अशरीरी अथवा अकाय है जबकि त्रेतायुग वाले दशरथ पुत्र राम अशरीरी नहीं बल्कि शरीरधारी हैं। रामनवमी का त्योहार त्रेतायुग के राजा राम के शारीरिक जन्म की याद में मनाया जाता है जबकि शिवरात्रि का त्योहार रामेश्वरम शिव के दिव्य अवतरण की याद में मनाया जाता है। त्रेतायुग के राम पावन हैं परंतु रामेश्वर आर्थात अशरीरी शिव पतित पावन हैं। पावन राजाराम के रामराज्य का बहुत गायन है क्योंकि उस समय अपार सुख शांति धन संपति से परिपूर्ण समय था और ये प्राप्ति राजाराम ने परमात्मा राम से प्राप्त की थी। रामायण में इन दोनो की जीवन कहानी को मिला दिया गया है और लोग उनका अध्यात्मिक तथा अलौकिक अर्थ नहीं जानते बल्कि वे लौकिक व भ्रांतिपूर्ण अर्थों पर अड़े हुए हैं। वास्तव में यह कलयुगी दुःखी संसार ही कांटों का वन है और यह शरीर ही पंचवटी है। इसमें आत्मा रूपी सीता रहती है। मन में लक्ष्य को धारण करने की जो आज्ञा है वहीं अब लक्ष्मण की खींची हुई लकीर है जिसका उलंधन करना आत्मा रूपी सीता के लिए मना है। माया रूपी रावण और किसी तरह न फुसला सकने पर भिखारी के वेश में भी आता है और सीता रूपी आत्मा उसे न पहचान कर रावण द्वारा बन्दी बना ली जाती है।

# एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम के नारे से गूंजा बेड़ो



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी को लेकर प्रखंड तुको, डूमर दोन सहित प्रखंड मुख्यालय में आस्था,भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। ह्यरामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी-न्यारी, लहर लहर लहराए रे झंडा बंजरग बली का.,जैसे भजनों पर झूमते-थिरकते और अस्त्र-शस्त्र संचालन के करतब दिखाते अखाड़ों के प्रतिभागियों ने श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में अद्भुत समां बांधा। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों के द्वारा जय श्रीराम और जय बजरंग बली के नारों से वातावरण राममय था। सड़कें रामनवमी पताका से पटा था। वही श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो के द्वारा रामनवमी पूजा के अवसर पर गुरुवार को श्री रामनवमी शोभायात्रा में गांव से आये लाइसेंसी अखाड़ेधारियों के साथ श्रद्धालुओं ने रामनवमी झंडे, झांकी व अस्त्र-शस्त्र के बीच जय श्री राम के जयघोषों के साथ भव्य शोभायात्रा मुख्यालय के महावीर चौक, देवी मंडप चौक, बजरंग बली स्थान से झंडा मिलान करते हुए थानावली हनुमान मंदिर होते हुए महादानी मैदान पहुंचे। जहां मैदान में मेला लगाकर अखाड़ेधारियों ने अस्त्र शस्त्र चालन खेल में हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन कर लोगो को अचंभित कर दिया। वही अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। जहां झांकी में प्रथम शिव शक्ति क्लब फदिलमर्चा, द्वितीय श्री राम क्लब टेंगरिया तृतीय श्री राम सेना डहु टोली पाकलमेड़ी की टीम पुरस्कार पाया। बाजा में प्रथम रुद्र अवतार क्लब मकुंदा मोरो, द्वितीय बजरंग दल करांजी, तृतीय पवनपुत्र क्लब चचगुरा जबकि अस्त्र में शस्त्र में प्रथम गीतांजलि क्लब गुटवा करम टोली रांची, द्वितीय सुख शांति क्लब मासु, तृतीय बजरंग दल हरीहर पुर जाम टोली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मंच का संचालन विजय सहाय, नवदीप महतो, अंकित सोनी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मांडर की भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, राकेश कुमार भगत, एस आई प्रवीण कुमार तिवारी, मुखिया सुशांति भगत, धनंजय कुमार रॉय, भीखा उरांव, अनिल उरांव, भवानी शरण सिंह, वाणी कुमार रॉय मौजूद थे। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी ० एकता का प्रतीक है। पर्व की महत्ता को लोग समझे और इसे शांतिपूर्वक मनाएं। इधर राम भक्तों के लिए स्थानीय समाज सेवियों द्वारा जगह जगह शिविर लगाकर चना,गुड़ व पानी पिलाकर राम भक्तों की सेवा किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी थी। वही श्रीरामनवमी के अवसर पर लोगों ने विधि-विधान पूर्वक पूजा-अनुष्ठान कर घरों, देवालयों और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लगाया। शोभायात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारी चौकस रहे। साथ ही तुको व डूमरदोन गांव में भी रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष जगरनाथ भगत, महावीर गोप, दशरथ गोप, विश्वनाथ गोप, मुन्ना बड़ाईक, मुकेश कुमार रॉय, शिवेंद्र सौरभ, बबलू गुप्ता, नंदलाल महतो, साधन कु रॉय, सुदामा गोप, शशि गोप, वासुदेव महतो, राजेन्द्र रौनियार व समिति की सदस्यों ने अहम योगदान दिया।

# विधायक ने पिहू इलेक्ट्रॉनिक दुकान का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा गुरुवार को कोलबिरा चौक में पीहू नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को बधाई दी। साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए ब्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक ब्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नही है। हमारी सरकार भी ब्यापार को बढ़ावा देने के लिये कई योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ भी लेकर लोग अपनी जीविका मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को भी सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया।मौके पर पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संबोधित किया। मौके पर संचालक धनेशवर सिंह, उदित कुमार, रवि प्रकाश, पूनित कुमार, बिरेन्द्र भोगता, कौशल्या देवी, कोनल कुमारी, निभा देवी आदि उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास से मना गया रामनवमी

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा**



गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव। इस अवसर पर क्षेत्र के कैरो,चरिमा,हनहट समेत विभिन्न गांव में रामनवमी के जुलूस निकाली गई और मेला का आयोजन किया गया जो शांति पूर्वक तरीके से संपन्न हुई। प्रखंड मुख्यालय में नवमी के दिन निकलने वाली जुलूस जो कैरो मेला टांड़ से शुरू होकर मुख्य चौक होते हुए नवाटोली तक गई तथा वापसी में चांदनी चौक कैरो मुस्लिम टोली,साहू मुहल्ला होते हुए पुनः मेला टांड़ लौटी।इससे पूर्व सभी श्रदालुओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा जुलुस में जय श्री राम आदि नारे लगाते हुए नाचते झूमते हुए जुलूस निकाले।जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। कैरो में अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,पुलिस इन्स्पेटर मंटू कुमार,थाना प्रभारी संखनाथ उराँव,एस आई ऋषिकांत शर्मा, संजय कुमार राय, डॉक्टर राकेश कुमार, बी पी ओ मृणाल प्रकाश, नगजुआ में उपेंद्र कुमार सिंह, वर्मा उरांव, हनहट में हरिऔध करमाली, देवनाथ मरांडी के साथ साथ पुलिस जवान तैनात रहे। प्रखण्ड अंचल कार्यालय के द्वारा जगह जगह पर सद्भावना मंच लगाया गया जहां पर जुलूस में समिल लोगो का स्वागत किया गया तथा लोगो के बीच चना गुड़ पानी का वितरण किया गया ।मौके पर महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, सचिव विनोद रविदास, मुखिया बीरेंद्र महली, शरत कुमार विद्यार्थी, विशेश्वर दिन, शम्भू सोनी, राजेन्द्र महतो, बुधवा उरांव, बजरंग उरांव, मनोज पांडेय, ललेश पांडेय, रामपाल, रवि प्रजापति, गंगा साहू,कमलेश साहू, सुरजमोहन साहू, संजय महतो, बनेशर राम, शतिष पांडे, ग्रामीण गण्यमान सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष बच्चियां सामील थी।

# लोहरदगा के वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी का निधन

**नवीन मेल संवादददाता। लोहरदगा**

वरिष्ठ पत्रकार व झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी कयूम खान की धर्मपत्नी शबनम परवीन का निधन गुरुवार को हो गया। 52 वर्षीय शबनम परवीन पिछले कई माह से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी तथा इनका इलाज भी राज्य के विभिन्न अस्पतालों से चल रहा था। गुरुवार को भी सुबह इनको लेकर परिजन डॉक्टर के पास रांची जाने वाले थे इससे पूर्व ही सुबह उनका निधन हो गया। वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान की धर्मपत्नी के निधन की सूचना से जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिसके बाद हर धर्म व समुदाय के लोगों ने कयूम खान की पत्नी के निधन पर अफसोस व्यक्त करते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा उनके निवास स्थान पहुंचकर परिवार से मुलाकात की। इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े होने का एहसास दिलाया। मृतिका अपने पीछे पति सहित दो पुत्री को छोड़ गई है मृतिका शबनम परवीन का अंतिम संस्कार लोहरदगा कब्रिस्तान में किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में हर धर्म समुदाय के लोग पहुंचकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। शोक व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, आजसू नेत्री नीरू शांति भगत समेत जिले व प्रखण्ड के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार शामिल है।

**आस्था** छात्रावास भवन में किया गया यज्ञ हवन का आयोजन

# पूजा से मन को पूरी शांति मिलती है

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



पतंजलि परिवार की ओर से चैती नवरात्र और रामनवमी पर्व को लेकर तेली छात्रावास भवन में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। अवसर पर देवेंद्र सोनी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा हवन पूजन कराया गया वही हवन पूजन में यजमान की भूमिका उमा शंकर व उनकी धर्मपत्नी कुमारी सुमन ने निभाई आयोजित इस कार्यक्रम के बाबत में पतंजलि जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि बाबा रामदेव ने गृहस्थ आश्रम का त्याग कर रामनवमी पर ही गुरु दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया था।इसी उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति ने सामूहिक रूप से उनका 29 वां सन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर तेली छात्रा वास भवन में यज्ञ-हवन का आयोजन किया। वही हवन कर रहे उमाशंकर योग साधक ने कहा योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस?तिष?क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। इसलिए प्रतिदिन नियमित योग करें मौके पर स्वामी जी के दीघार्यु के लिए लोगों ने प्रार्थना की और यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। यहां भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी के द्वारा हवन पूजन कराया गया। अवसर पर मौके पर धर्मेंद्र पंडा संजीव महंतो, उमाशंकर कुमार, तेजोमल शुभम, तुलसी साहू, पप्पू कुमार, सत्यनारायण मेहर, तेज नारायण सिंह,पुरुषोत्तम कुमार, राजेंद्र कश्यप,देवनारायण कश्यप,अर्जुन ठाकुर, अंजनी कुमारी,प्रियंका कुमारी, उगनी कुमारी,फगनी कुमारी महिला महामंत्री ज्योत्सना डे के अलावे योग साधक काफी संख्या में मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से जुड़े आय से अधिक संपत्ति मामले में नौ मई को अगली सुनवाई

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ दायर आपराधिक अपील पर गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की बेंच ने निचली अदालत से केस से जुड़े ओरिजिनल रिकॉर्ड की मांग की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को निर्धारित की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 28 मार्च 2022 को तत्कालीन मांडर विधायक बंधु तिर्की को तीन साल की सजा और तीन लाख रुपये के जुमार्ने का फैसला सुनाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर बंधु तिर्की को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में शिक्षामंत्री रहे बंधु तिर्की पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था।

## महावीर जयंती पर अहिंसा रन का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महावीर जयंती पर रांची में दो अप्रैल को अहिंसा रन का आयोजन किया जायेगा, जो मोरहाबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोरहाबादी में ही खत्म होगी। अहिंसा रन के जरिये विश्व शांति और अहिंसा का संदेश दिया जायेगा। अहिंसा रन में जो भी हिस्सा लेना चाहते हैं वो वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अहिंसा रन के तीन चरण होंगे जिनमें सबसे कम 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन (जीतो ) महिला शाखा और संपूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स द्वारा अहिंसा रन आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन और जीतो यूथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अहिंसा और शांति का संदेश देने के लिए भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्वभर के 23 देश, जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। इस आयोजन के जरिए एक ही दिन में कई जगहों पर जियो और जीने दो के नारों के साथ लोग अहिंसा रन में दौड़ते दिखेंगे।

इसका उद्देश्य भारी संख्या में लोगों को इस दौड़ से जोड़कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है। अहिंसा रन भले ही जीतो महिलाएं आयोजित कर रही हो, पर ये संपूर्ण मानवता और विश्व शांति के लिए है। इसके जरिये प्रभु महावीर द्वारा दिये गये अहिंसा के वचनों को और शांति को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसलिए यह रन ओपन फॉर ऑल है। मतलब यह कि इसमें सभी लोग हिस्सा ले सकते हैं। इसमें कोई आयु सीमा नहीं है। सभी अपना रेजिस्ट्रेशन किलोमीटर की दूरी के अनुसार करवायेंगे।

# बरही पहुंचे डीसी व एसपी, रामनवमी महासमिति ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनवमी की तैयारियों का जायजा लेने डीसी नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे बड़ी पहुंचे। इस दौरान स्थानीय पदाधिकारी एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार मौजूद रहे। जिला के दोनो पदाधिकारियों ने विभिन्न अखाड़ों के वस्तुस्थिति की जानकारी लिया । साथ ही शोभायात्रा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। स्थानीय पदाधिकारियों ने प्रशासनिक तैयारियो से जिला के अधिकारियो को अवगत कराया । इसके साथ ही डीसी व एसपी ने चौक स्थित प्रशासनिक मंच का भी निरीक्षण किया । इस दौरान महासमिति के पदाधिकारियों से भी शोभायात्रा से संबंधित जानकारियां ली तथा जारी गाइडलाइन के आधार पर ही शोभायात्रा निकालने की अपील किया । महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर आश्वस्त किया कि बरही के लोग अमन पसंद है । रामनवमी भी शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में संपन्न होगा, ऐसा विश्वास है । इसके साथ ही महासमिति की ओर से डीसी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ और इंस्पेक्टर को भगवा गमछा देकर सम्मानित भी किया गया । इस दौरान विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता , महासमिति सचिव मनोज साहू , कोषाध्यक्ष बलराम केसरी, सक्रिय सदस्य विपिन सिन्हा, सचिन यादव, मनोज उपाध्याय , रमेश श्रीवास्तव, पिंटू ठाकुर , सचिन यादव आदि उपस्थित थे ।

## दुर्गा मंदिर कुरूम में महानवमी पूजा का आयोजन



**रामगढ़।** जिला के कुरूम स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में 30 मार्च को भक्तिभाव के साथ महानवमी पूजा संपन्न हुई। इस मौके पर यजमान सीताराम सिंह के हाथों पुजारी मिथलेश तिवारी ने माता दुर्गा के 9 वें स्वरूप सिद्धिदात्री की विधिपूर्वक पूजा अर्चना संपन्न करवाया। तिवारी ने कहा की माता सिद्धिदात्री पूजा अर्चना से भक्तों को यश, बल एवं धन की प्राप्ति होती है. कहा की मां के चार हाथ हैं। माता ने अपने हाथो में शंख, गदा, कमाल का फूल और चक्र धारण किया है। माता सिद्धिदात्री को माता सरस्वती का भी स्वरूप मना जाता है। पूजा अर्चना संपन्न करवाने में दीपनारायण सिंह, अमित कुमार सिंह, मुकेश सिंह, राहुल सिंह, रोशन सिंह, संतोष मुंडा, प्रदीप मुंडा, हरिनारायण राम, सुमंत सिंह, बलवंत सिंह आदि ने सहयोग किया।

## कुंवारी कन्याओं का किया पूजन



**रामगढ़।** चैती नवरात्र को लेकर 30 मार्च को बरकाकाना रेलवे ग्राउंड के समीप स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में कन्या पूजन हुआ। इस मौके पर पुजारी सदानंद चक्रवर्ती और बुद्धदेव भट्टाचार्य संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा अर्चना कराकर हवन अनुष्ठान संपन्न करवाया। नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा नौ कुंवारी कन्याओ का पूजन किया गया। दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में प्रत्येक अमावस्या पर श्रद्धालुओं द्वारा भोग का वितरण किया जाता है। ऐसी मान्यता है की मंदिर में भक्तिभाव से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

## हाइवा हुआ क्षतिग्रस्त

**रामगढ़।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग के पोचरा ओवरब्रिज के निकट अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से हाइवा नंबर जेएच 02 भी 0621 क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया की ग्रामीणों देररात भुरकुंडा की ओर से रामगढ़ की ओर जा रहे हाईवा का टक्कर सामने आ रहे ट्रक से हो गया। जिससे फाइबर क्षतिग्रस्त हुआ। इस घटना में चालक व उप चालक बाल-बाल बच्चे । घटना की जानकारी मिलने पर बरकाकाना ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया।

## कोडरमा और हजारीबाग में भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का होगा ठहराव



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
झारखंड वासियों को अप्रैल में वंदे भारत की सौगात मिल सकती है। इसका ठहराव कोडरमा और हजारीबाग में भी होगा। पटना से हटिया के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है जो सप्ताह में 6 दिन चलेगी। रेलवे ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जनशताब्दी के बाद ट्रेन पटना से खुलेगी। वहीं वापस दोपहर में हटिया से पटना के लिए रवाना होगी। इससे पटना और रांची के बीच का सफर कम समय में पूरा हो सकेगा। वंदे भारत ट्रेन पटना से खुलने के बाद जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, टाटीसिल्वे और रांची होते हुए हटिया पहुंचेगी। वहीं हटिया से आने के दौरान भी यही रूट रहेगा। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर इसको रवाना करेंगे। उद्घाटन की तिथि मिलते ही यात्री आरक्षण करा पायेंगे। फिलहाल रेलवे के अधिकारी अधिक जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन को कोडरमा से टाटीसिल्वे के बीच नई रेलवे लाइन से चलाया जायेगा। इससे पटना और हटिया के बीच लगभग 70 किलोमीटर की दूरी कम होगी। वहीं राजेंद्र नगर टर्मिनल पर वंदे भारत एक्सप्रेस का रख-रखाव किया जायेगा। वंदे भारत ट्रेन पटना से सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर खुलेगी और दोपहर में एक बजकर 45 मिनट पर हटिया पहुंचेगी। इस ट्रेन की अधिकतम स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा तय है। हालांकि शुरूआत में इसे कम रफ्तार से चलाया जायेगा। शुरू में पटना से हटिया पहुंचने में 7 घंटे लगेंगे। जब यह पूरी क्षमता से चलने लगेगी तो 4 से 5 घंटे में पटना से हटिया पहुंचा जा सकेगा।

## जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया रामनवमी

# रामजी की निकली सवारी...



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर सहित जिलाभर में 30 मार्च को प्रभु श्रीराम का जन्मदिवस रामनवमी भक्तिभाव से मनाया गया। इस दौरान जिला के विभिन्न महावीर मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। जहां पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने कुशलता की कामना की। इसके उपरांत पूजा समितियों द्वारा आकर्षक और भव्य जुलूस निकला गया। जुलूस में शामिल युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साहित दिख रहे थे। वे हाथ में तलवार लिए कर्तब दिखाते जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगते बढ़ रहे थे। साथ ही हाथो में विशाल महावीरी पतका लिए थे। जिससे जुलूस भव्य नजर आ रहा था. रामनवमी पर प्राचीन हनुमान मंदिर नईसराय बस्ती सहित विभिन्न पूजा समितियों ने जुलूस निकला। वहीं, जुलूस को ध्यान में रखकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए थे। साथ ही सभी पूजा समितियों को रात 10:00 बजे तक जुलूस संपन्न करने के निर्देश दिए गए।

## जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा रामगढ़



## हनुमान मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता जय श्री राम के नारों से गूंजा बरही

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
श्री राम जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं की उमंग देखते ही बन रही थी । सुबह से ही हजारीबाग रोड स्थित बजरंग बली मंदिर, धनबाद रोड स्थित हनुमान मंदिर और भगवती मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । जो देर दोपहर तक चलता रहा। शाम होते ही रामनवमी को लेकर अखाड़े वालो का जुलूस निकालना प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा । डीजे के प्रतिबंध के बाबजूद भी रामभक्तो का उमंग देखते ही बन रहा था। हाथो में लाठियां, मुदगर और तलवार से पारंपरिक प्रदर्शन करते हुए शोभा यात्रा में रामभक्त बढ़ रहे थे । शोभा यात्रा की निगरानी के लिए महासमिति की अधिकारी सदस्य सहित अखाड़े के वॉलंटियर्स तत्पर रहे । शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस प्रशासन लगाए गए थे । बरही चौक पर प्रशासन की ओर से प्रशासनिक शिविर लगाए गए थे । जिसमें एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ, इंस्पेक्टर सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी तथा प्रबुद्धजन तैनात थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी स्वास्थ्य सेवा देने के लिए एंबुलेंस के साथ मौजूद थे ।



## माता व पिता खुश तो भगवान भी खुश : सपना



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गोरहर पंचायत में गोरहर चौक पर स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में चल रहे महायज्ञ श्री श्री 108 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में वाराणसी से आयीं कथा वाचिका सपना महेश्वरी ने कहा कि जीवन में माता-पिता खुश रहें, तो भगवान भी स्वयं खुश हो जाएंगे। इनके कथा से सभी श्रद्धालुओं में भक्ति का प्रचार प्रसार हो रहा है। यज्ञाचार्य प्रेम प्रकाश शास्त्री( अयोध्या )वाराणसी ,नदी एवं क्षेत्र पुरोहित आचार्य गौतम पाण्डेय के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रों से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।इस यज्ञ में प्रवचनकर्ता पवन द्विवेदी महाराज (अयोध्या धाम) का भी आगमन हुआ है।वहीं यज्ञ में सैकड़ों की संख्या में कलश यात्री शामिल हुए थे ।वही 30 मार्च को प्रतिभोग का आयोजन किया गया व यज्ञ का समापन किया जाएगा। कार्य को सफल बनाने के लिए यज्ञ सचिव बासुदेव महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष रामटहल महतो, कोषाध्यक्ष लालजीत पासवान, मंच संचालक लालमोहन पासवान, कुंजलाल महतो, पंसस लखन महतो, अशोक महतो, पूर्व उपप्रमुख कोलेश्वर प्रसाद, बबीता कुमारी ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## नौ कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्र संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पिछले नौ दिनों से चले आ रहे चैत्र नवरात्रि का हवन और दुर्गा रूपी नौ कन्या पूजन साथ समापन हुआ। इस प्रकार नौ दिनों से हो रहे दुगार्पाठ का गुरुवार को शांतिपूर्ण समापन हुआ । शुक्रवार को माता रानी के प्रतिमा विसर्जन के साथ ही बासंती दुगार्पुजा का समापन हो जायेगा । विदित हो कि सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है । आचार्य शशि पांडेय ने बताया कि नवरात्रि एक वर्ष में चार बार आते है जो माघ, चैत्र, आषाढ,अश्विन मास में प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। चैत्र माह की नवरात्रि को बड़ी और अश्विन माह की नवरात्रि को छोटी नवरात्रि कहा जाता हैं। तुलजा भवानी बड़ी माता है तो चामुण्डा माता छोटी माता है बड़ी नवरात्रि को बसंत नवरात्रि और छोटी नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि भी कहते हैं। विक्रम संवत प्रारंभ होते ही बसंत नवरात्रि के लिए कलश स्थापित किए जाते है । वही छः माह बाद शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होते है । दरअसल नवरात्रि का त्योहार उत्सव से ज्यादा व्रत और साधना के लिए होता है, लेकिन लंबे काल के प्रचलन के कारण इसके स्वरूप बदलता गया और मूल उद्येश्य और इसकी पवित्रता एवं शालिनता में कमी देखने को मिलने लगे है । माता दुर्गा को समर्पित यह त्योहार संपूर्ण भारत में अत्यधिक उत्साह के साथ मनाया जाता है।



## रामनवमी पर विहिप ने निकाली शोभायात्रा, विधायक हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड कमेटी बरकट्ठा के बैनर तले श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा बाइक रैली निकाला गया। शोभायात्रा प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में निकाला गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर बरकट्ठा से गोरहर थाना होते हुए बरकट्ठा हाई स्कूल से वापस बाजार रोड़ होते हुए बुढ़िया माता मंदिर से पुनः वापस दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में समापन किया गया। इस दौरान राम भक्तों ने जमकर जय श्रीराम का नारा लगाए।



वहीं प्रशासन के द्वारा कड़ी निगरानी देखी गई। बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर थाना प्रभारी विक्रम कुमार दल बल के साथ जुलूस पर नजर जमाए हुए देखे गए। कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, जिला परिषद प्रतिनिधि सीके पांडेय, बजरंग दल संयोजक दीपक राणा, प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, रानी कुमारी, सुरेश पांडेय, सुमन गुप्ता आदि शामिल हुए।

**आस्था**

## महिलाओं की ममता उनकी कमजोरी नहीं समझे : दुर्गावाहिनी

# विहिप मातृशक्ति ने किया नगर भ्रमण, गूंजा जय श्रीराम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनवमी को महिलाओं को सुरक्षा और आत्मस्वाभिमान दिलवाने वाला एक मात्र सनातनी संस्था विहिप की दुगार्वाहिनी की कई महिलाओ ने बरही के चारो रोड में बाईक से रोड शो किया । इस दौरान सभी महिलाएं भगवा पगड़ी और हाथो में तलवार लिए थीं। जो यह बताने के लिए काफी था कि महिलाए अबला नहीं चिंगारी है । उनकी ममता को उनकी कमजोरी और मजबूरी समझने वाले गलतफहमियों को हटा दे । वे सभी भारत माता की वीरांगनाएं है जो जरूरत पड़ने पर रानी लक्ष्मीबाई की तरह जंग में कूदने के लिए तैयार रहते है । वह अपनी आत्मरक्षा स्वय करना जानते है । वह समाज के दानवों को रणचंडी की तरह नाश कर सकते है । इस दौरान दुगार्वाहिनी के सदस्यो ने सड़को पर भगवा ध्वज लहराते करताल भी बजाईं । कार्यक्रम में प्रीति गुप्ता, स्नेहा प्रिया, जुली कुमारी, जूही कुमारी, रोशनी कुमारी, नूतन सिंह, सुजाता कुमारी, साक्षी कुमारी, पिया पासवान, रानी पासवान, रानी पासवान, नीतू देवी आदि मौजूद थे । जिसका नेतृत्व विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार आदि सहित कई विहिप कार्यकर्ता और पदाधिकारी कर रहे थे ।

## अवैध शराब के खिलाफ होटलों में चलाया गया जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद, अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद कार्यालय की टीम के द्वारा गुरुवार को रामगढ़, रजरप्पा एवं गोला थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में गश्ती की गई। गश्ती के क्रम में विभिन्न होटलों की तलाशी भी की गई वही उपायुक्त के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

# भगवामय हुआ लोहरदगा



### बजरंगियों ने लगाए जय श्री राम, जय हनुमान के नारे

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

लोहरदगा शहरी क्षेत्र में गुरुवार को श्री रामनवमी की भव्य व आकर्षक तरीके से शोभायात्रा निकाली गई। हर ओर जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष लगाए जा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल युवक युवतियां बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए थे जिससे पूरा शहर भगवामय लग रहा था। हिन्दू संगठनों के आह्वान पर लोगो ने भगवा रंग का वस्त्र पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुए थे। लोग पारंपरिक अस्त्रों व महावीरी पताकों के साथ शामिल होकर हर आयु वर्ग के लोग रामभक्ति की धुन पर खूब झूमे। जुलूस में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के खेल का भी प्रदर्शन हुआ। भगवामय शोभा यात्रा में बजरंगियों ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। इस दौरान श्री राम, लखन जानकी जय बालो हनुमान की... जैसे गगन भेदी नारों से शहर पूरी तरह गुंजायमान रहा। अखाड़ों के लोगों ने अस्त्र और शस्त्रों के साथ कलाबाजियों का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा की अगुवाई केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने की। केंद्रीय महावीर मंडल पदाधिकारी और काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी ने अपनी भागीदारी दी। रामनवमी जुलूस को लेकर विशेषकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में शामिल दर्जनों अखाड़ा दलों के युवाओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल हुए। इधर पुलिस प्रशासन की ओर से ड्रोन से निगरानी सहित सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था में खुद उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार की अगुवाई में एसडीपीओ बीएन सिंह, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, डीएसओ अमित बेसरा, टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव, नप पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, आदि घंटो विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में कैंप किए थे। जुलूस में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आये। इधर रामनवमी की शोभायात्रा में रामायण काल पर आधारित निकली झांकियां रामायण की याद दिला रही थी। महिलाएं व युवतियों की टोली भी हाथों में अस्त्र शस्त्र लिए आगे चल रही थी। कोई हाथों में गदा लिए तो कोई हाथों में तलवार लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए थे। हर हाथ में भगवा ध्वज और हाथों में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र था। लोग शांतिपूर्ण तरीके से कतारबद्ध होकर नियत रास्ते से शोभायात्रा में चल रहे थे। शहरी क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। अखाड़ा के युवाओं ने आग के खेल का भी प्रदर्शन किया। महिलाएं व युवतियों ने भी जुलूस में शामिल होकर नारी शक्ति की मिशाल पेश की।

## रामायण काल पर आधारित कई आकर्षक झांकियों की हुई प्रस्तुति







### रामायण काल की याद दिलाई शोभायात्रा में शामिल भव्य झांकियां

लोहरदगा में रामनवमी के अवसर पर कई अखाड़ों और मुहल्लों के द्वारा भिन्न भिन्न तरह के आकर्षक झांकियां निकाली गई जो रामायण काल पर आधारित था। माँ दुर्गा, भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, बजरंग बली हनुमान, भगवान शिव, बानर सेना समेत अन्य कई आकर्षक झांकियां रामायण काल की याद दिला दी। समुद्र तट पर भगवान राम के द्वारा भगवान शिव का शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना करने का दृश्य, अष्टभुजा धारी माँ दुर्गा की जीवंत प्रस्तुति की गई थी। वही छोटे छोटे बच्चों के द्वारा भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का रूप धारण कर झांकी में शामिल होना लोगो का मन मोह लिया। छोटे छोटे बच्चों का ऐसा दिव्य रूप धारण करना मानो भगवान स्वयं धरती पर बच्चों का रूप धारण कर अवतरित हुए हो ऐसा लग रहा था। वही झांकी में संकट मोचन हनुमान मंदिर का सचित्र प्रस्तुति की गई।

## बारिश पर आस्था भारी, तेज बारिश के बावजूद शोभायात्रा में डटे रहे श्रद्धालु

**लोहरदगा** में रामनवमी की शोभायात्रा पर प्रतिकूल मौसम का कोई असर नहीं दिखाई दिया। भारी बारिश के बावजूद बजरंगियों का उत्साह देखते बन रहा था। दोपहर में हल्की बारिश की बूंदे पड़ी लेकिन शाम को लगभग सवा पांच बजे के आसपास तेज बारिश हो गई। इस बीच शोभायात्रा में शामिल बजरंगी सनातनी युवक युवतियां व महिलाएं डटे रहे। बारिश में भींगते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए और भक्तिमय गीतों की धुन पर झूमते नजर आये। दीवाना मैं दीवाना श्री राम का मैं दीवाना गाने पर लोग जमकर झूमे। हर तरफ राम राम नाम की धुन सुनाई दे रही थी। हर ओर जय श्री राम के नारे गूंज रही थी। लोग भींगते हुए भी रामनवमी की भक्तिमय धुन पर झूमते नाचते नजर आए। लोग डीजे की साउंड पर जमकर थिरके। जय श्री राम के गानों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया।

## रामनवमी को लेकर जिले को 26 जोन में बांटा गया था

**लोहरदगा** में रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरे जिले को 26 जोन में बांट दिया था। इसके तहत संवेदनशील मोहल्लों और गांवों का चयन किया गया था। जिसमें लोहरदगा शहरी क्षेत्र के जोन एक में बड़ी मस्जिद, बगड़ू मोड़, सोमवार बाजार, पावरगंज, बेलाल मस्जिद, वीर शिवाजी चौक, बरवाटोली चौक, हनुमान मंदिर, गुदरी बाजार, तेतरतर बालिका उच्च विद्यालय, इमली चौक, ईदगाह निंगनी, जोन दो में रेलवे साइडिंग, मैना बगीचा, जुरिया, समाहरणालय, पतराटोली, ढोढहा टोली, दुपट्टा चौक और कुटमु , जोन तीन में रामपुर, इरगांव, भठखिजरी, मुंदो, तिगरा, भक्सो और अरकोसा, जोन चार में हिरही, कुजरा, मन्हों, हेंदलासो, जोरी, हेसल, ओयना को शामिल किया गया था। इसी तरह से कुडू प्रखंड में चार जोन, किस्को प्रखंड में तीन, भंडरा प्रखंड में तीन, कैरो प्रखंड में चार, बगडू थाना क्षेत्र में तीन जोन बनाए गए थे। सभी जोन के पदाधिकारियों को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था, ताकि पल-पल की खबर कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों तक पहुंचती रहे। जबकि संवेदनशील स्थानों में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, बीडीओ प्रतिभा कुजूर और पुलिस अवर निरीक्षक सह लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उरांव को विधि-व्यवस्था और सुरक्षा-व्यवस्था के लिए जोनल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया था।

## सीआरपीएफ 158 बटालियन ने मनायी रामनवमी

**सीआरपीएफ** 158 बटालियन मुख्यालय में राम नवमी का त्यौहार बड़े हर्षो उल्लास से मनाया गया। राम नवमी के इस अवसर पर 158 बटालियन के कमाण्डेन्ट, राहुल कुमार ने जवानों एवं उनके परिवारजनों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। तदोपरान्त मुख्यालय 158 बटालियन में प्रातः राम नवमी की पूजा-अर्चना की गई एवं बटालियन परिसर में भण्डारा का भी आयोजन किया गया जिसमें बटालियन के समस्त अधिकारीगण तथा सभी जवान परिवार सहित सम्मिलित हुए। इसके अलावे स्थानीय बच्चों ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

## हर्षोउल्लाष के साथ रामनवमी संपन्न

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत क्षेत्र में हर्षोउल्लास व सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रामभक्तों ने महावीर मंडल कमिटी सेरेंगहातु के नेतृत्व में अस्त्र शस्त्र के साथ शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा के दौरान अंजुमन इस्लामिया द्वारा पगड़ी पोशी कर रामभक्तों को स्वागत किया और सभी रामभक्तों को जलपान में चना पानी सुविधा मुहैया कराया उसके बाद शोभायात्रा में शामिल सभी अखाड़ा मेल स्थल पहुंच अपने अस्त्र शस्त्र का परिचालन कर खेल का प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि सेरेंगहातु में पूर्व से एक दूसरे समुदाय के पर्व में सहयोग किया जाता है। आपसी सौहार्द का परिचय दे मिशाल कायम करने के दिशा में कार्य किया जाता है। शोभायात्रा के दौरान केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी के राजू साहू जगेश्वर साहू,मुनेश्वर साहू द्वारा बताया गया है कि पर्व खुशियों का त्योहार है। ऐसे अवसर पर खुशियां बाटते पर्व मनाने में काफी आनन्द मिलता है। यह परंपरा हमारे यहां दोनों समुदाय के लिए चर्चित है। शोभायात्रा स्वागत में अंजुमन इस्लामिया के सदर मनौवर अंसारी,सेकेट्री आजम अंसारी सफरुद्दीन अंसारी,मुस्तकीम अंसार समसुद्दीन अंसारी इम्तियाज अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा पगड़ी पोसी एवं स्वागत किया गया।



## गुमला : श्री राम जन्मोत्सव की धूम, उमड़ा जनसैलाब

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर पूरे जिले में उत्साह का माहौल दिखा। श्री हनुमान जन्मभूमि आंजन गांव में भी माता अंजना का दरबार सजा, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता अंजना व बाल हनुमान के दर्शन करते हुए पूजा-अर्चना की और मंगल कामनाएं की। इधर जिला मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर केंद्रीय महाबीर मंडल के बैनर तले शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिला व युवतियां भी किसी से पीछे नहीं थी। वीरांगनाओं की वेशभूषा में तलवार आदि शस्त्रों के साथ महिलाओं और युवतियों ने अपना जौहर दिखाया । पुरा शहर केसरिया व महाबीरी झंडे से पटा हुआ था। विभिन्न अखाड़ों व पूजा समिति के सदस्य बाजे-गाजे और महाबीरी झंडे लहराते हुए शामिल हुए। ताशे-ढोल और कर्णप्रिय भजनों पर नाचते-थिरकते चल रहें थे। वहीं रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित कई मनोरम झांकियां निकाली गई, जिसे देखने के लिए लोगों में होड़ मची रही। श्री महाबीर मंडल समिति के हाईटेक झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।



### घर-घर में फहराया महाबीरी झंडा

रामनवमी के अवसर पर सरना-सनातन धर्मावलंबियों भक्तिपूर्वक हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद पुराने झंडे को उतार कर घर-आंगन में नया महाबीरी झंडा लगाया गया। साथ ही सभी हनुमान मंदिरों की विशेष सजावट की गई थी। शहर में रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद दिखा। सभी चौक-चौराहे और संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। वहीं गश्ती दल द्वारा भी निरंतर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही थी।

### सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं ने किया शोभायात्रा का स्वागत

नगर में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। श्री महाबीर मंडल, महाबीर चौक,ब्लू डायमंड सोसायटी, साबू फ्लॉवर मिल, मारवाड़ी युवा मंच,जिला कांग्रेस कमेटी आदि संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत चना-गुड़,शर्बत,पानी आदि देकर किया गया। श्री रामजन्मोत्सव के दिन भक्तशिरोमणि हनुमान जी जन्मस्थली आंजन गांव में उत्साह का माहौल रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता अंजना व बालरूप हनुमान के दर्शन किया। पूजा-अर्चना करते हुए मंगलकामनाएं की। मुख्य मंदिर व पहाड़ गुफा मंदिर में दर्शन हेतु सुबह से ही लोगों का तांता लगा हुआ था। भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जा रहा था।

## राम मय हुआ सिमडेगा



### जय श्री राम के जयघोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

### चार दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन, प्रतियोगी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिले में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी धूमधाम के साथ मनाया गया। हर साल रामनवमी का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था इसलिए इस दिन को रामजन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। राम जी के जन्म पर्व के कारण ही इस तिथि को रामनवमी कहा जाता है। भगवान राम को विष्णु का अवतार माना जाता है। राम नवमी के अवसर पर विशेष रूप से भगवान राम की पूजा-अर्चना और कई तरह के आयोजन कर उनके जन्म के पर्व को मनाते हैं। रामनवमी के दिन विशेष तौर पर श्रीराम के साथ माता जानकी और लक्ष्मण जी की भी पूजा होती है। सिमडेगा शहर के साथ सभी प्रखंडो में भी रामनवमी की धूम देखी गई। रामनवमी को लेकर पूरा सिमडेगा शहर राममय नजर आया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर हर तरफ जय श्रीराम का उदघोष सुनाई दे रहे थे।श्री रामनवमी पर शहर में धूमधाम से बैंडबाजे संग शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक धुनों और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कई जगह पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।शोभायात्रा हृदय स्थली महावीर चौक से होकर केलाघाघ मोड़ होते हुए देर शाम वापस महावीर चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे युवक धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे और अस्त्र-शस्त्र संचालन के करतब दिखाते अखाड़ों के प्रतिभागियों ने श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में अद्भुत समां बांधा। भव्य शोभायात्रा में शामिल लोगों के द्वारा जय श्रीराम और जय बजरंग बली के नारों से वातावरण राममय हो गया था। शहर के महावीर चौक से निकलकर शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए भट्टीटोली, रामनगर, सामटोली और प्रिंस चौक तक गई। सामटोली और प्रिंस चौक का परिभ्रमण कर वापस महावीर चौक में शोभायात्रा का समापन हुआ। रास्ते में जगह-जगह स्टॉल लगाकर लोगों के लिए गुड़, चना शरबत आदि की व्यवस्था की गई। इधर श्रीरामनवमी के अवसर पर लोगों ने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अनुष्ठान कर घरों, देवालयों और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लगाया। रामनवमी के अवसर पर 4 दिवस से आयोजित कार्यक्रम का समापन गुरुवार देर रात्रि को हुई जिसके पश्चात सभी अखाड़ा समितियों के विजेता प्रतिभागियों को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, नप उपाध्यक्ष ओपी साहु, डीडी सिंह, अनुप केसरी, श्रद्धानंद बेसरा, श्यामलाल शर्मा, संजय शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय ठाकुर, दीपक पुरी, घनश्याम केसरी, पवन अग्रवाल, योगेन्द्र रोहिल्ला, राजु केसरी, नरेश शर्मा, अनूप प्रसाद, पवन जैन आदि की उपस्थिति रही।

### विधि व्यवस्था के थे पुख्ता इंतेजाम,चप्पे चप्पे पर दिखी पुलिस

**रामनवमी** पूजा एवं शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। सुरक्षा को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं शोभायात्रा के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा दंडाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति गई थी। वहीं शोभा यात्रा के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर आई।

## त्योहार | सरहुल मिलन समारोह का आयोजन, विधायक बोले

# प्रकृति उपासना का पर्व है सरहुल




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बीरू पंचायत के बाघूटोली में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह झारखंड की संस्कृति को दशार्ता है। यह पर्व प्रकृति का संरक्षण और इंसानों के साथ उसके प्रेम और लगाव का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि सरहुल पूजा करने से घर, परिवार और समाज में सुख, शांति तथा समृद्धि आती है। यह त्योहार हमें प्राकृति के साथ जोड़ने का काम करता है। हमारा आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। प्रकृति भी समाज पर अपनी कृपा बरसाती है। इस दिन पेड़ पौधे और जल स्रोतों की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आदिवसी समाज के कारण ही आज राज्य हरा भरा है। प्रकृति पर्व सरहुल से हमें सीखना चाहिए कि हम प्रकृति का दोहन न करें। मौके पर विधायक ने सरना स्थल में जाकर पूजा अर्चना कर जिले के सुख,शांति व समृद्धि की दुआ मांगी।

### प्रकृति की आराधना का त्योहार है सरहुल : जोसिमा

मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सरहुल पूरी तरह प्रकृति की आराधना का त्योहार है। सरहुल दुनियाभर में लोगों को प्रकृति से मिलने वाले लाभों को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। यही हम इसकी सुरक्षा के प्रति सचेत रहेंगे। तो यह भी हमारे जीवन को खुशहाल बनाने में मदद करेगी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, उपाध्यक्ष जॉन्शन मिंज, आदि उपस्थित थे।

## कुएं में डूबने से महिला की मौत



**सेन्हा।** झालजमीरा के छापर टोली में कुएं में डूबने से अधेड़ महिला की मौत हो गई। वही ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से निकाल गया। सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि छापर टोली निवासी एते उरांव की 50 वर्षीय पत्नी भगवनिया उरांव घर के समीप अपने ही कुएं में सुबह पानी भरने गई थी। उसी क्रम में कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को तब हुआ जब काफी देर तक भगवनिया उरांव को घर में नही देखा गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### हर्षोउल्लास के साथ मना रामनवमी का त्योहार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेशानुसार छतरपुर थाना क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार काफी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राम भक्तों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलजुल कर बेहतर ढंग से रामनवमी जुलूस निकालकर शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी त्योहार मनाया। मौके पर उपस्थित राम भक्तों ने रामनवमी ड्यूटी पर तैनात छतरपुर थाना के एसआई विजय कुमार को माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

### सुरक्षा में तैनात दिखे पलामू पुलिस

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पलामू जिले के सभी थाना प्रभारी रामनवमी जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर जुलूस में तैनात देखे गए। वही ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह अपने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ छह मुहान चौक पर अपना मोर्चा संभाले हुए थे। जुलूस के दौरान शहर में भीड़ भाड़ ना लगे इसके लिए वे सुबह से ही शहर के सभी चौक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने में लगे हुए थे। शहर में जाम न लगे इसके लिए सभी बड़े वाहनों को शहर में घुसने से उन्होंने मना कर दिया था। बड़े वाहनों के लिए उन्होंने दूसरे रूट को डाइवर्ट कर लोगो को जाने के लिए कहा।

### रामनवमी जुलूस में दिखा भक्तों का उत्साह



**मेदिनीनगर।** पलामू में रामभक्तों का उत्साह चरम पर है। गुरुवार को यह सब देखने को मिला। जुलूस में उमड़ता भक्तों का हुजूम सड़क पर सरक-सरक कर चल रहा था। सभी ओर जय श्री राम, जय हनुमान के नारे गुंजते रहे। पारंपरिक हथियारों से लैस श्री राम भक्त जमकर प्रदर्शन कर रहे थे। इनकी निगेहबानी प्रशासन के लोग लगातार कर रहे थे। रामनवमी को लेकर सड़क पर जाम ही जाम लगा हुआ था। इस कारण भीड़ का रूप जनसैलाब में बदलता नजर आ रहा था। हर गली-मुहल्ला व चौक-चौराहों से जुलूस निकलकर एक स्थान पर मिल रहे थे। बड़े-बड़े बजरंगी पताका लेकर रामभक्त चल रहे थे। क्या बूढ़े, क्या बच्चे सभी रामनवमी के रंग में रंगे हुए थे। लोग पारंपरिक हथियारों से प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखा रहे थे। जुलूस को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवान व अधिकारी विशेष व्यवस्था कर सड़क के चारों ओर जाल की तरह बिछे हुए थे। वरीय अधिकारी लगातार कर मौनेट्रिंग कर रहे थे। हिंदू संगठन के अलावा विभिन्न समुदाय के लोग भाईचारगी की मिसाल पेश करते हुए जुलूस में शामिल रामभक्तों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था स्टॉल लगाकर जगह-जगह किए हुए थे। वही छोटे-छोटे बच्चे भी रामनवमी जुलूस को देखने के लिए अपने परिजन के साथ घर से निकले थे। बच्चों ने बजते हुए डीजे पर खूब डांस किया और जय श्रीराम के जयकारा लगाते हुए खूब मनोरंजन कर रहे थे।

### युवा संघ ने राम भक्तों के बीच चलाया भंडारा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय छः मुहान चौक पर युवा संघ द्वारा रामनवमी पूजा के अवसर में राम भक्तों के बीच भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, बृजेश शुक्ला, सुमित वर्मन ने फीता काट कर उद्घाटन किया। वही मौके पर दीपक कुमार गुप्ता, सुमित कुमार (राजा), मृत्युंजय कुमार ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर कर उन्हे सम्मानित किया। तत्पश्चात रूपेश पाठक, राहुल चौबे, अंकित पांडेय ने भंडारे को राम लला को भोग लगाया। युवा संघ के सोनल कुमार, संजय कुमार, विकास कुमार ने श्रद्धालुओं के बीच पुरी चना, बुंदिया, व शीतल जल वितरण करना किया।

# चैत नवरात्रि की नवमी तिथि श्रद्धा के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैत्र नवरात्र की नवमी और राम जन्मोत्सव के मौके पर पलामू में जगह–जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। चैत्र नवरात्र की नवमी के दिन कन्या भोज का आयोजन कई घर में किया गया। नवरात्र में अष्टमी और नवमी को कन्याओं को भोज कराया जाता है। जिन लोगों के यहां अष्टमी मनाई जाती है। उनके घर बुधवार को ही कन्या भोज करा दिया गया था। गुरुवार को नवमी मनाने वाले अपने घर में कन्या भोज कर पूजन कर रहे हैं। नवमी के दिन घरों में नवमी के अवसर पर हवन और विधिवत पूजन हुआ। कई मंदिरों में भी कन्या भोज का आयोजन हुआ। नवरात्र के नौवें दिन रामनवमी पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। जहां मां के दर्शन करने व पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में कथा भी सुना। शहर में इस मौके पर कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें लोगों को प्रसाद का वितरण भी हुआ। मंदिरों में भी भंडारे का आयोजन हुआ और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कई मंदिरों में भागवत कथा का भी समापन राम नवमी पर हुआ और यहां कथा समापन अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया।

**दीप दान व संधि पूजा का आयोजन :** बुधवार को नवरात्र की अष्टमी तिथि को लेकर नवरात्र का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने दीप दान और संधि पूजा किया। पुरोहित की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद लिया। पलामू में कई मन्दिरो में भी दीप दान और संधि पूजा का आयोजन किया गया।

# आज से होगी बिजली बहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी में निकलने वाले रथ,झंडे और भीड़ को देखते हुए बिजली विभाग द्वारा सतर्कता के लिए बिजली आपूर्ति बंद किया गया। बुधवार की रात बिजली आपूर्ति किया गया। गुरुवार को दिन भर बिजली आपूर्ति बाधित रही। बाजार क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली नदारद रही। आज रामनवमी की कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ही शहर में बिजली आपूर्ति किया जाएगा। रथ और झंडे निकलने के कारण बिजली के तार कही कही गिर जाते है। पूर्व में 23 वर्ष पूर्व बिजली के करंट से पलामू में रामनवमी के दिन एक बहुत बड़ी घटना घट चुकी है। जिसे लेकर विभाग के द्वारा हमेशा सतर्कता बरती जाती है।

**क्या कहना है एई का :** शहर के एई अमित खेस्स ने बताया कि आज से बिजली आपूर्ति किया जाएगा। सुबह से सभी पोल का निरीक्षण करने के बाद बिजली आपूर्ति की जायेगी।

# राम नाम के उद्घोष से भक्तिमय हुआ पलामू

## कई आकर्षक रथ, झांकियों व कलाकारों के करतब से गुलजार हुआ माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुरुवार को सुबह से गर्मी का भी असर राम भक्तो पर नही पड़ा और राम नाम की उद्घोष से पूरा शहर गुंजयमान हो उठा। पलामू में श्रीराम नवमी के अवसर पर राम भक्तों ने श्रीराम जन्म महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया और उत्साह के साथ मनाया। स्थानीय मंदिरों के पुजारी ने श्री राम की मंगला आरती की और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। यह पर्व भारत में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। रामनवमी के दिन ही चैत्र नवरात्र की समाप्ति भी हो जाती है। हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिये श्री राम का जन्म हुआ था। वही रामनवमी के इस मौके पर बाहर से आये कलाकारो के द्वारा रामलीला का मंचन भी किया गया। जिससे लोगों मे भक्ति का संचार हुआ। जिले के विभिन्न जगहों पर हवन-पूजन के बाद कन्या भोजन का भी आयोजन किया गया। स्थानीय क्षेत्र के शिवाला रोड स्थित मां सप्तमातार मंदिर में हजारों भक्तों ने मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री का दर्शन -पूजन कर लोगों ने मन्नतें मांगी। विगत तीन वर्षो में कोविड-19 महामारी के कारण रामनवमीं का पर्व नही मनाया जा सका था। लेकिन इस बार पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ पर्व को मनाया गया।

**भंडारा का आयोजन किया गया :** जिले में कई संगठनों के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व संघ,दुकानदार संघ,विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,श्रीराम सेना,स्टूडेंट क्लब,जागृति क्लब,सहित दर्जनों सामाजिक संगठनों के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भी लोगों के लिये भण्डारा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल होने आये लोगों को कई प्रकार के भोजन का व्यवस्था किया गया। खाने के साथ साथ पीने के लिए पानी और शरबत का भी व्यवस्था किया गया ।

**लगा गोल, दिखाए गए करतब :** शोभायात्रा में जहां कई झांकियों का मनोरम दृश्य रहा वही कलाकारों के द्वारा लाठी,तलवार और आग के साथ कई आकर्षक करतब भी दिखाए गए। पालमूवासियो के द्वारा रामनवमी में गोल लगाने की परंपरा है। जिसमें सभी आपसी मतभेद भूलकर करतब दिखाते है। स्थानीय छह मुहान चौक पर लगाने वाला गोल एक प्रसिद्ध गोल होता है। इस बार भी छह मुहान पर लगा गोल रामनवमी के सबसे आकर्षक रहा। वही शाहपुर के झंडा और शहर के झंडों का मिलान भी एक आकर्षण का केंद्र रहा।

### निकाली गईं रथ व आकर्षक झांकियां



शहर में श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व में पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। । शोभायात्रा श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अलावा विश्वसंघ, महाकाल संघ, भारत सेवक संघ,नवजागृति संघ, समाज कल्याण समिति, किशोर समाज, संयुक्त नवयुवक संघ, माता अंजनीधाम सेवा समिति, न्यू सुरभी क्लब, न्यू एकता स्टार क्लब,बजरंग संघ, वीरभगत संघ बजरंगबली सेवा समिति, जीनियस क्लब, न्यू दुकानदार संघ, मां अष्टभुजी मंदिर, न्यू गंगा क्लब, जय बजरंग संघ, संस्कार संघ, नवयुवक संघ, शिव शक्ति दुर्गा मंदिर, जय हनुमान संघ,जय विजय संघ, नवदीप संघ, दुकानदार संघ, शुभ मंगल क्लब, संस्कृति क्लब, बजरंग सेना संघ, श्रीरामनवमी पूजा समिति देवी मंडप, श्रीमहावीर किशोर दल हॉकर संघ, उपकार संघ, महदेवी संघ, देवी मंडप संघ, महावीर संघ, ओम पवन संघ, हिंदू सेना संघ के द्वारा कई आकर्षक झांकिया निकाली गई। गुरुवार को सुबह 9 बजे से ही विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यह ढोल नगाड़ों के साथ पंचमुहान चौक,शिवाला रोड,कन्नीराम,पहाड़ी मुहल्ला,सत्तार सेठ चौक,हॉस्पिटल रोड,थाना होते हुए छह मुहान चौक पर गोल लगाया गया। इन झांकियों में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक ने भाग लिया। नन्हे मुन्ने बच्चे राम, लक्ष्मण, भरत, सीता के रूप में बहुत सुहा रहे थे। इसके अलावा, युवा भी राम के भेष में घोड़ों पर सवार होकर लोगों को ध्यान आकर्षित कर रहे थे। इस शोभा यात्रा में वाल्मीकि, हनुमान, नौ देवियां, शिव आदि देवताओं की झांकियां भी निकाली गईं।

# श्री राम मय हुआ शहर व गांव, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा टीम**

मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर से लेकर गांव तक माहोल राम मय हो गया। दोपहर में जिला स्वर्णकार संघ ने जिला मुख्यालय में झंडा जुलूस निकाला। जुलूस में संघ के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं समाज के प्रबुद्धजन शामिल थे। उसके कुछ देर के बाद विभिन्न क्लबों के सदस्य गाजे-बाजे के साथ केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में अस्त्र-शस्त्र की पूजा अर्चना करने के उपरांत जुलूस और झांकी निकालने की तैयारियों प्रारंभ हुई। शहर में दो दर्ज से अधिक अखाड़ों द्वारा जुलूस और झांकी निकाली जा रही है। झांकी को देखने के लिए शहर की सड़कों पर पुराना पेट्रोल पंप से लेकर अव्वल मोहल्ला काली मंदिर तक मुख्य सड़क पर लोगों का हुजूम जमा था। वहीं जय श्रीराम, जय हनुमान के जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। जुलूस को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गई है। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। रामनवमी जुलूस को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरा का सहारा ले रही है। प्रखंडों में भी ड्रोन कैमरे से आसपास की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दुसरी ओर जुलूस के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए एसपी ने संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्त, सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन कैमरा से निगहबानी के साथ-साथ कुछ प्रशिक्षित जवानों को सादे वर्दी में भी तैनात किया गया है। सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में निकाले गए जुलूस में एसडीओ सुधिर कुमार दास के साथ थाना प्रभारी दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे थे।



# टंडवा में रामनवमी की रही धूम



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

गुरुवार को जिले के कोयलांचल टंडवा प्रखंड क्षेत्र में पिछले नौ दिनों से सनातनी नववर्ष, चौती छठ, नवरात्र व श्री रामनवमी महापर्व आपसी प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूरे हर्षोल्लास के साथ मेला व धार्मिक आयोजन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के 13 लाइसेंसी व अन्य गैर-लाइसेंसी अखाड़ों द्वारा भव्य झांकियां निकाली गई। जहां टंडवा, बड़गांव, गाडीलौंग, सराढू, किसुनपुर, लेलियाडीह, मिश्रौल, धनगड़ा आदि में आयोजित मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान बीडीओ रंथु महतो, डीएसपी शंभू कुमार सिंह, सीओ विजय दास, इंस्पेक्टर विजय सिंह के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस व प्रखंड प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद रहा। वहीं तमाम जगहों में कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विधायक किसुन दास, मुखिया निलेश ज्ञासेन, 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, ईश्वर दयाल पांडेय, सुमन भारतीय आदि ने स्थानीय प्रशासन व पूजा समितियों का आभार व्यक्त किया।

# रामनवमी को लेकर निगम रहा सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा रामनवमी में लगने वाले भीड़ और शोभायात्रा के दौरान होने वाले भीड़ को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रहा। रामनवमी के अवसर पर नगर निगम द्वारा सफाई, शौचालय, बिजली और जेनरेटर, पीने का पानी की व्यवस्था किया गया है । सड़को पर सफाई निरंतर किया गया। बाजार क्षेत्र से लेकर सभी प्रमुख चौक चौराहों पर सफाई कर्मी तैनात रहे और सफाई अभियान निरंतर जारी रहा। वही गर्मी को देखते हुए पानी का टैंकर भी मौजूद रहा। शोभायात्रा के दौरान लोगों को पानी की कमी नही होने दिया गया। निगम की ओर से मोबाइल शौचालय का भी व्यवस्था किया गया । जिससे बाहर से आने वाले लोगों को काफी सहूलियत हुई। निगम के आयुक्त के नेतृत्व में निगम के कर्मी भी पूरे मुस्तैद रहे और लोगों को किसी भी प्रकार के कोई परेशानी न हो इसे लेकर निगम सतर्क भी रहा।

# मुखिया ने जनता को समर्पित किया सोलर हाई मास्ट लाइट

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा चौराहा मोड़ पर पंचायत की मुखिया मीना देवी ने जनता को एलईडी सोलर हाई मास्ट लाइट समर्पित किया। मुखिया मीना देवी ने नारियल फोड़कर पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से याचना की। चैनपुर उत्तरी के पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चौरसिया , व्यास राम चौरसिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर हाई मास्ट लाइट जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य करने के पीछे लगन जज्बा और जुनून की जरूरत पड़ती है जो मुखिया में देखने को मिल रहा है। इस लाइट के लगने से अब आम आवाम के साथ ही स्थानीय दर्जनों दुकानदारों को काफी सहूलियत मिलेगी। इसमें लगवाने में काफी प्रयास करना पड़ा है। इसे सुरक्षित रखना आप सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ वह हर दुख सुख में साथ रही हूं और रहूंगी। जनता की हर समस्या को सुलझाने का यथासंभव प्रयास करूंगी। उन्होंने बताया कि जो काम 12 साल के पंचायती राज में नहीं हुआ उसे अल्पकाल में एक-एक करके करा रही हूं। पंचायत में सरकार के फंड नहीं दे रही है। इस वजह से काम का रफतार नहीं बढ़ रहा है। वित्तीय फंड मिलते ही रोड नाली गली जैसे सभी विकास कार्य किया जाएगा।

# चंद्रवंशी महासभा ने किया भंडारे का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू के द्वारा प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शहर थाना गेट के समीप भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भंडारा में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के द्वारा पूड़ी, सब्जी, बुंदिया शीतल पेयजल इत्यादि का वितरण किया गया। भंडारा का आयोजन गुरुवार की सुबह 11:00 से शाम 4:00 बजे तक किया गया। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि हर साल श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की ओर से भव्य भंडारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी चंद्रवंशी भाइयों का अहम सहयोग रहता है। वही मौके पर उपस्थित कोषाध्यक्ष रामनरेश चंद्रवंशी ने कहा कि भंडारा आयोजन के दौरान सभी लोग मिलजुल कर प्रसाद को तैयार करते हैं, मौके पर विजय, विनोद, प्रेम चंद्रवंशी, सुधीर चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, श्याम लाल चंद्रवंशी, रामनरेश चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आस्था

### सुबह से ही स्थानीय हनुमान मंदिरों में लोगों की रही भीड़

# नवमी के मौके पर घरों में लगे महावीरी ध्वज

**आदि काल से वैदिक संस्कृति, सनातन संस्कृति, हिंदू संस्कृति, आर्य संस्कृति, भारतीय संस्कृति एक दूसरे के पर्याय हैं**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलमूवासियों ने रामनवमी और चैत नवरात्र के नवमी तिथि को अपने अपने घरों में महावीरी ध्वज का पूजन कर अपने घरों में लगाया। सुबह से ही स्थानीय हनुमान मन्दिरों में लोगो की भीड़ देखने को मिली। स्थानीय बाजार स्थित हनुमान मंदिर, शिवाला रोड स्थित हनुमान मंदिर,छह मुहान में स्थित हनुमान मन्दिर,रेड़मा, सुदना और हमीदगंज में हनुमान मन्दिरो में ध्वज का पूजन कराने के लिये लोगों की भीड़ रही। हिन्दू धर्म में घर की छत पर ध्वज लगाने को शुभ और असरदायक माना जाता है। यह ध्वज कई कारणों से लगाया जाता है। हालांकि ज्योतिष के अनुसार ध्वज लगाने के कारण और उनके लाभ अलग-अलग हैं। भारत की सनातन संस्कृति की धरोहर का सांस्कृतिक दूत है। आदि काल से वैदिक संस्कृति, सनातन संस्कृति, हिंदू संस्कृति, आर्य संस्कृति, भारतीय संस्कृति एक दूसरे के पर्याय हैं जिसमें समस्त मांगलिक कार्यों के प्रारंभ करते समय उत्सवों में, पर्वों में, घरों-मंदिरों-देवालयों-वृक्षों, रथों-वाहनों पर भगवा ध्वज या केसरिया पताकाएं फहराई जाती रही हैं। बताते चले कि ध्वजा को विजय और सकारात्मकता ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए पहले के जमाने में जब युद्ध में या किसी अन्य कार्य में विजय प्राप्त होती थी तो ध्वजा फहराई जाती थी। इससे यश, कीर्ति और विजय मिलती है। ध्वजा या झंडा लगाने से घर में रहने वाले सदस्यों के रोग, शोक व दोष का नाश होता है और घर की सुख व समृद्धि बढ़ती है।वास्तु के अनुसार भी ध्वजा को शुभता का प्रतीक माना गया है। माना जाता है कि घर पर ध्वजा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश तो होता ही है साथ ही घर को बुरी नजर भी नहीं लगती है।वही,पुरोहित के अनुसार राहु को रोग, शोक व दोष का कारक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यदि घर के उत्तर पश्चिम में ध्वजा लगाने से घर में रहने वाले सदस्यों के रोग, शोक व दोष का नाश होता है और घर की सुख व समृद्धि बढ़ती है।

**ज्ञान की बात**

कृष्ण आजीवन कभी सिंहासन पर नहीं बैठ पाए, क्योंकि सदा धर्म की बातें करते रहे। नहीं तो कंस के वध के पश्चात उन्हें तत्काल मथुरा का सिंहासन अधिकृत कर लेना चाहिए था। वस्तुतः वे राज्य के महत्व को नहीं जानते थे और न उसका सुख। द्वारका जाकर तो उन्हें राजा बन ही जाना चाहिए था ...पर वह तब भी धर्म की बात करते रहे और स्वयं अपने आपको तथा अपने बंधु-बांधवों को राजसत्ता से वंचित करते रहे। *- ठाकुरजी*

# होठों पर पपड़ी

***झारखंड*** में भूजल के स्तर में आ रही लगातार गिरावट के कारण वर्तमान समय में जल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल के दुरूपयोग एवं बर्बादी को रोकने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। हालांकि जल के बचाव के लिए कई नियम बनाये गये हैं। जिससे जल के दुरूपयोगों को रोका जा सके। बावजूद पानी की बर्बादी बदस्तूर जारी है। पलामू में गर्मी के शुरूआती में ही पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। यहां के नावा बाजार प्रखंड में पेयजल समस्या गंभीर हो गई है। ग्रामीण 1 किलोमीटर दूर से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। बढ़ती गर्मी व गिरते जल स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में नदी के चुआड़ी का पानी पीने को विवश हैं। लोगों के होठों पर पपड़ी जमने लगी है। यहां की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा चापाकल व कुआं सूख गये हैं। पानी की तालाश में लोग सुबह से ही भटकते फिर रहे हैं। गांव में फरवरी माह से ही पेयजल संकट है। बावजूद इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। यही कारण है कि पानी की समस्या आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। कई जगह ड्राईजोन हो गये हैं। हालांकि ऐसी स्थिति पिछले पांच सालों से देखा जा रहा है। गौरतलब है कि यह दर्द दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पता नहीं इसका इलाज कब होगा? ऐसे में अभी भी समय है इस दर्द की दवा ढूंढी जाये। बहरहाल सक्षम लोग जो नदी के समीप रहते हैं,वह जुगाड़ के माध्यम से समीप की नदी से पानी की व्यवस्था में लगे हैं। शहर के समीप लब्जी नदी के किनारे बोरिंग कर अपने घरों तक पानी पंप के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। लब्जी नदी में लगभग एक सौ से ज्यादा सक्षम लोग बोरिंग कर घरों तक पानी ले जा रहे हैं। ऐसे लोग आसपास के लोगों को भी पानी देकर जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। कुल मिलाकर सभी जगहों पर भूजल का स्तर गिरता जा रहा है। बहुत जगहों पर आज भी देखा जा रहा है कि पानी की बर्बादी करने में कई लोग लगे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि गिरते जल स्तर के लिए जिम्मेवार कौन है? हर रोज हजारों लीटर पानी पाइप के फट जाने से बर्बाद हो रहे हैं। दूसरी तरफ तालाबों का अतिक्रमण जारी है। जंगल काटे जा रहे हैं। ऐसे में प्रकृति का कोपभाजन बनने से अगर नहीं चेते तो कोई नहीं रोक सकता है। पलामू के राजहारा सीसीएल द्वारा हजारो गैलन पानी बर्बाद किया जा रहा है। इस पानी को अगर पास के आहर व तालाब में छोड़ दिया जाये,तो भूजल का स्तर बना रह सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इस स्थिति में हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस पानी की बर्बादी को जिला प्रशासन अविलंब रोके। इससे यहां का जल स्तर बना रहेगा। राजहारा गांव के लोगों की मानें तो 10 वर्ष पूर्व तक सीसीएल की ओर से गांव के किनारे स्थित आहर में लाकर पानी को छोड़ा जाता था। जिससे गांव का जल स्तर काफी अच्छा था। साथ ही लोग उस पानी से मौसमी खेती भी कर लेते थे। लेकिन उसे सीसीएल की ओर से बंद कर दिया गया। जिसके बाद गांव में जल समस्या होने लगी। कुछ लोगों ने पानी की समस्या को ले जिला प्रशासन के उदासीन रवैया को भी जिम्मेवार ठहराते हैं। सीसीएल की ओर से बहाए जा रहे इस पानी को पाइप के माध्यम से राजहारा, बसना, चनेया, ब्रहमोरिया सहित पास के कई गांवों को दिया जा सकता है। लेकिन इस कार्य के लिए किसी के द्वारा कभी भी पहल नहीं की गई। बहरहाल पानी की बर्बादी को रोकना बहुत जरूरी है। आइये इस मिशन पर हम सब मिल कर काम करें।

**पलामू में गर्मी के शुरूआती में ही पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। नावा बाजार प्रखंड में पेयजल समस्या गंभीर हो गई है। ग्रामीण 1 कि.मी. दूर से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं।**

# स्वस्थ विश्व का आधार बना 'मिलेट्स'





डॉ. संजय द्विवेदी

***मिलेट्स*** यानि मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य, खेतों की मिट्टी, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि में कितना योगदान कर सकता है, इसे इटली के रोम में खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्यालय में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष (आईवाईओएम) के शुभारंभ समारोह के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संदेश से समझा जा सकता है : हमारी जमीन और हमारी थाली में विविधता होनी चाहिए। अगर खेती इकहरी फसल वाली हो जाय, तो इसका बुरा असर हमारे और हमारी जमीन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। मोटे अनाज हमारी खेती और हमारे भोजन की विविधता बढ़ाते हैं। 'मोटे अनाजों के प्रति सजगता बढ़ाना' इस आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोग और संस्थाएं, दोनों ही बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। संस्थाओं के प्रयास से मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है और समुचित नीतियां अपनाकर इनकी फसल को फायदेमंद बनाया जा सकता है। दूसरी ओर, लोग भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए मोटे अनाजों को अपने आहार में शामिल करके इस पृथ्वी के अनुकूल विकल्प चुन सकते हैं। मुझे विश्वास है कि 2023 में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष का यह आयोजन सुरक्षित, टिकाऊ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक जन आंदोलन को जन्म देगा। पिछले कुछ सालों से, लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ी है, लेकिन खासकर कोरोना के बाद से यह चेतना चिंता में बदल गई है। लोगों ने महसूस किया है कि अगर खानपान और जीवनशैली में बदलाव नहीं लाया गया, तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। यही वजह है कि ज्वार, रागी, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुट्टू, जैसे अनेक मोटे अनाज की पूरी दुनिया में डिमांड बढ़ी है।

**2018 में मनाया गया राष्ट्रीय मिलेट वर्ष :** लेकिन भारत ने तो इस चेतना की अलख काफी पहले से ही जगानी शुरू कर दी है। 2014 में जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तभी से इस दिशा में प्रयास किये जाने लगे थे। इन्हीं प्रयासों का नतीजा था वर्ष 2018 को सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया। ऐसा करने का उद्देश्य लोगों में मिलेट के उपयोग को बढ़ावा देना, इनके उत्पादन को प्रोत्साहित करना और इनकी मांग बढ़ाना था। इसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मिलेट के वैश्विक उत्पादन में 18 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत आज विश्व का सबसे बड़ा? मिलेट उत्पादक देश बन चुका है और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दृष्टि से भी दुनिया के मिलेट उत्पादक देशों में दूसरे स्थान पर आ चुका है।

**बढ़ रहा है उत्पादन और उत्पादकता :** वर्तमान में विश्व के लगभग एक सौ तीस देशों में मिलेट उगाये जा रहे हैं और एशिया व अफ्रीका महाद्वीप में रहने वाले लगभग साठ करोड़ लोगों के नियमित भोजन का हिस्सा बने हुए हैं। उत्पादन और उत्पादकता के 2016 से 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो हम पायेंगे कि विश्व के पांच सबसे बड़े पोषक अनाज (मिलेट) उत्पादक देशों में भारत के अलावा नाइजर, सूडान, नाइजीरिया और माली जैसे देश शामिल हैं। इनमें भारत में 142.93 लाख हेक्टेयर जमीन पर इनकी खेती होती है और पांच सालों में औसतन 156.12 लाख टन मिलेट का उत्पादन हुआ, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नाइजर में 107.16 हेक्टेयर भूमि पर सिर्फ 56.39 लाख टन उत्पादन रहा। पूरे विश्व में मिलेट उत्पादन का औसत 890.92 लाख टन है, जिसमें 156.12 लाख टन से ज्यादा भारत में उपजा है। नाइजीरिया में यह उत्पादकता 1103 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, और भारत में 1092 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर। वैश्विक उत्पादकता 1211 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के यह काफी करीब है। इस सबका श्रेय जाता है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की दूरदर्शितापूर्ण नीतियों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को, जो मिलेट को हमारी रसोईयों में और हमारी प्राथमिकताओं में उसकी खोई जगह वापस दिलाने के लिए कटिबद्ध है। वह जगह, जो पचास साल पहले तक मोटे अनाजों के लिए सुरक्षित हुआ करती थी।

**प्राचीन है भारत में मोटे अनाजों की परंपरा :** सच तो यह है कि मोटे अनाज हजारों साल से हमारे पारंपरिक भोजन का हिस्सा रहे हैं। खान-पान की हमारी इस समृद्ध विरासत की जड़ें, सिंधु घाटी की सभ्यता तक जाती हैं इससे पता चलता है कि हमारे खानपान में इनकी उपस्थिति कितना पहले से है। यह उपस्थिति अकारण नहीं है। मिलेट्स हर दृष्टि से सभी के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। मिलेट मे प्रोटीन, फाइबर और कैल्शियम, जिंक, मैग्नेशियम, फॉस्फोरस, कॉपर, आयरन, जैसे खनिजों और कार्बोहाइड्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन आदि काफी उच्च मात्रा में पाये जाते हैं। हम जो भी खाते हैं, उसका अधिकतर हिस्सा हमारे पेट में जाकर ग्लूकोज में परिवर्तित होकर हमारे रक्त में मिल जाता है, जो कि शुगर का एक मृदु रूप होता है। गेंहू व चावल जैसे आधुनिक दौर के लोकप्रिय अनाजों की तुलना में मिलेट इसलिए बेहतर हैं, क्योंकि इनके ग्लूकोज में बदलने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत काफी धीमी होती है। इसके अलावा ये ग्लूटोन मुक्त होने के कारण कई प्रकार के उदर रोगों से भी बचाते हैं। इन सब कारणों से इस वजह से यह स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक माने जाते हैं। पोषक तत्वों और खनिजों की मौजूदगी के कारण मिलेट फसलों के पुआल को भी पशुओं के चारे के रूप में काफी पोषक माना जाता है । कुपोषण से निपटने के मामले में भी मिलेट उत्कृष्ट विकल्प साबित हुए हैं। भारत में कुछ राज्यों में स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में मिलेट से बने आहार को शामिल किया गया, तो इसके उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले और बच्चों के बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) में आश्चर्यजनक सुधार देखने को मिला।

**पर्यावरण के अनुकूल होते हैं मिलेट :** मिलेट पर्यावरण की दृष्टि से भी बेहद उपयोगी हैं। ये विभिन्न प्रकार के तापमानों वाले नम और शुष्क सभी क्षेत्रों में उगाये जा सकते हैं। उन्हें पनपने के लिए पानी और वर्षा की जरूरत कम होती है। ये महज 300-400 मिमी पानी में भी भी उग सकते हैं। ये लगभग हर प्रकार की मिट्टी में अंकुरित हो सकते हैं। इनमें कीड़े लगने की आशंका भी नहीं के बराबर होती है। इसलिए इनमें केमिकल फर्टिलाइजरों और कीटनाशकों का इस्तेमाल करने की की बहुत कम जरूरत होती है। मिलेट का फसल चक्र भी बारीक अनाजों की तुलना में बेहतर होता है, क्योंकि अधिकतर मिलेट को परिपक्व होने में 60-90 दिनों की आवश्यकता होती है, जबकि बारीक अनाज के लिए यह अवधि 100 से 140 दिन हो सकती है।

**मोटे अनाज हमारी खेती और हमारे भोजन की विविधता बढ़ाते हैं। 'मोटे अनाजों के प्रति सजगता बढ़ाना' इस आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोग और संस्थाएं, दोनों ही बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें महाभारत की कथा

***उधर*** हर्ष मनाती हुई पाण्डवों की सेना में धृष्टद्युम्न सेनापति हुए। उन दोनों में बड़ा भयंकर युद्ध हुआ, जो यमलोक की आबादी को बढ़ाने वाला था। विराट और द्रुपद आदि राजा द्रोणरूपी समुद्र में डूब गये। उस समय द्रोण काल के समान जान पड़ते थे। इतने ही में उनके कानों में यह आवाज आयी कि 'अश्वत्थामा मारा गया'। इतना सुनते ही आचार्य द्रोण ने अस्त्र शस्त्र त्याग दिये। ऐसे समय में धृष्टद्युम्न के बाणों से आहत होकर वे पृथ्वी पर गिर पड़े। द्रोण बड़े ही दुर्धर्ष थे। वे संपूर्ण क्षत्रियों का विनाश करके पाँचवें दिन मारे गये। दुर्योधन पुनः शोक से आतुर हो उठा। उस समय कर्ण उसकी सेना का कर्णधार हुआ। पांडव-सेना का आधिपत्य अर्जुन को मिला। कर्ण और अर्जुन में भाँति-भाँति के अस्त्र-शस्त्रों की मार-काट से युक्त महाभयानक युद्ध हुआ, जो देवासुर-संग्राम को बुरी तरह से मात करने वाला था। कर्ण और अर्जुन के संग्राम में कर्ण ने अपने बाणों से शत्रु-पक्ष के बहुत-से वीरों का संहार कर डाला ; यद्यपि युद्ध गतिरोधपूर्ण हो रहा था, लेकिन कर्ण तब उलझ गया जब उसके रथ का एक पहिया धरती में धँस गया (धरती माता के श्राप के कारण)। वह अपने को मिले दैवी अस्त्रों के प्रयोग में भी असमर्थ हो जाता है, जैसा की उसके गुरु परशुराम का श्राप था। तब कर्ण अपने रथ के पहिए को निकालने के लिए नीचे उतरता है और अर्जुन से निवेदन करता है कि वह युद्ध के नियमों का पालन करते हुए कुछ देर के लिए उसपर बाण चलाना बंद कर दे। तब श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं कि कर्ण को कोई अधिकार नहीं है कि वह अब युद्ध नियमों और धर्म की बात करे, जबकि स्वयं उसने भी अभिमन्यु वध के समय किसी भी युद्ध नियम और धर्म का पालन नहीं किया था। उन्होंने आगे कहा कि तब उसका धर्म कहाँ गया था जब उसने दिव्य-जन्मा द्रौपदी को पूरी कुरु राजसभा के समक्ष वेश्या कहा था।

*(क्रमशः)*

# मिशन मोड में भारत की पर्यटन क्षमताओं को बढ़ावा



पुनीत चटवाल

***पूरी*** दुनिया में सबसे तेजी से उभरते पर्यटन गंतव्यों में से एक, भारत का यात्रा और पर्यटन क्षेत्र, भरोसेमंद विकास की रूपरेखा प्रदान करता है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद, अब यह क्षेत्र बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तैयार है। पर्यटन क्षेत्र को एक मिशन के तौर पर विकसित करने के लिए भारत के बजट 2023 में विभिन्न पहल और योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई। बजट-उपरांत सत्र में प्रधानमंत्री ने भारत के विकास को गति देने में पर्यटन क्षेत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र जीडीपी और रोजगार सृजन दोनों में योगदान दे सकता है। उद्योग जगत के हितधारकों और सरकार के बीच सामूहिक कार्रवाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि इस क्षेत्र के लिए अब तक के सबसे उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सके और यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था तथा पूरे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम हो सके।

**सहयोग की शक्ति :** केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहन देने का मूल आधार इस तथ्य की स्वीकृति है कि यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए समर्थन प्रदान किये जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय बजट ने सहयोग के लिए छह विषयों को रेखांकित किया है, जिनमें से दो विषय हैं- आपसी तालमेल और सार्वजनिक-निजी-भागीदारी। पर्यटन को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग के महत्व पर बहुत अधिक जोर दिया गया है। विकास का एक प्रमुख कारक होने के अलावा ; यह आपसी सहयोग, रचनात्मकता को प्रोत्साहन देता है, प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है और दूरदर्शी परिणाम प्राप्त करता है। यदि संबंधित पक्ष अलग-अलग काम करते हों, तो इन परिणामों को हासिल करना एक कठिन कार्य हो सकता है। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ धाम मंदिर में आगंतुकों की संख्या, पिछले साल के औसत 80 लाख से बढ़कर 7 करोड़ हो गयी है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास नव विकसित स्थल को अंतिम रूप दिये जाने के बाद, एक वर्ष की अवधि में 27 लाख लोगों ने देखा।

**पर्यटन, बदलाव के दौर में :** पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जिन छह विषयों को रेखांकित किया गया है, उनमें पहला है- पर्यटन स्थल केंद्रित दृष्टिकोण। यह भविष्य के पर्यटन केंद्रों के रूप में 50 पर्यटन-स्थलों को प्रोत्साहन देने के लिए शासन के विभिन्न प्रभागों को एक साथ लाने की बात करता है। प्रधानमंत्री ने काशी, केदारनाथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पावागढ़ जैसे स्थानों का उदाहरण दिया, यह बताने के लिए कि कैसे एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सरकार के विभिन्न विभागों के एक साथ आने से इन स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हो सकती है। हमने देखा है कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान और 'देखो अपना देश' की पहल ने घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र की कंपनियों को सभी क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ाने का अवसर मिला- व्यवसाय, विलासितापूर्ण संपत्तियों, होम स्टे, विला आदि से लेकर बजट होटलों तक। इन 50 पर्यटन-स्थलों के विकास से आने वाले वर्षों में न केवल स्थितियां बेहतर होंगी, बल्कि भारत में पर्यटन क्रांति की भी शुरूआत होगी। पर्यटन एक सामाजिक-आर्थिक गतिविधि है और विकास के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण है, जो सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों के साथ पर्यावरण आधारित उचित प्रबंधन को संतुलित करता है। इस वर्ष के बजट के प्रमुख विषयों में शामिल हैं- स्थानीय संस्कृति का लाभ उठाना, विरासत को संरक्षित करना, कल्याण और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना तथा सभी प्रकार के नीति निर्माण में सतत विकास को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर जीवन स्तर में सुधार करना।

**बजट-उपरांत सत्र में प्रधानमंत्री ने भारत के विकास को गति देने में पर्यटन क्षेत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र जीडीपी और रोजगार सृजन दोनों में योगदान दे सकता है।**

**पर्यटन**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# वाहनों की स्क्रैप पॉलिसी से कम होगा प्रदूषण



लालजी जायसवाल

***उत्तर*** प्रदेश में केंद्र सरकार की व्हीकल स्क्रैप पालिसी को पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दौड़ने वाले 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित किया जायेगा। एक अप्रैल 2023 से 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजे जाने की तैयारी है। लिहाजा केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। नया नियम निगमों और परिवहन विभाग की बस एवं अन्य गाड़ियों के लिए भी अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को भी स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकार ने यह निर्णय निरंतर बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लिया है। पर्यावरणीय प्रदूषण को देखते हुए वित्त मंत्री ने आम बजट 2021-22 में पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए 'स्क्रैप पालिसी' की घोषणा की थी। ध्यातव्य है कि देश में एक करोड़ से अधिक वाहन ऐसे हैं जो आम वाहनों की तुलना में 10 से 12 गुणा अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। स्क्रैप पालिसी से गाड़ियों की वजह से होने वाले प्रदूषण में 25 से 30 प्रतिशत की कमी होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि स्क्रैप पालिसी से पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या में कमी आयेगी। अनुमान है कि वाणिज्यिक वाहन, जो कुल वाहन बेड़े का लगभग पांच प्रतिशत हैं, प्रदूषण में लगभग 65-70 प्रतिशत तक का योगदान देते हैं। वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन कुल बेड़े का एक प्रतिशत हैं, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। इनकी तुलना यदि आधुनिक वाहनों से करें तो पुराने वाहन 10 से 15 गुना अधिक प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं। सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहनः उल्लेखनीय है कि 'स्क्रैप पालिसी' के पीछे सरकार की मंशा निजी वाहनों की बढ़ती संख्या को कम करना और सार्वजनिक परिवहन के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देना है। आज स्थिति यह है कि देश में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अपने निजी वाहनों से चलना पसंद करती है। ऐसे लोग ट्रेन या बसों में यात्रा करने से परहेज करते हैं। कुल यात्रियों की तुलना में सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से यात्रा करने वालों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1994 में जहां भारत के सभी बड़े शहरों में 60 से 80 प्रतिशत नागरिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते थे, वहीं यह संख्या 2019-20 में घटकर 25-35 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वर्तमान में यह संख्या और कम हुई होगी, क्योंकि कोरोना महामारी के बाद अधिकांश सक्षम लोगों ने निजी वाहन खरीदने को प्राथमिकता दी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 10 किलोमीटर की यात्रा बस से करने में औसतन एक व्यक्ति द्वारा 0.01 ग्राम पर्टिकुलेट मैटर (पीएम) उत्सर्जित होता है। जबकि उतनी ही दूरी यदि कार से तय की जाय तो उससे 0.08 ग्राम यानी आठ गुना और दोपहिया वाहन से 0.1 ग्राम यानी दस गुना अधिक पर्टिकुलेट मैटर उत्सर्जित होता है। डीजल चलित ऑटो रिक्शा भी अत्यधिक प्रदूषण (.46 ग्राम पीएम प्रति 10 किमी) फैलाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में चंडीगढ़ में एक वाहन द्वारा औसतन 26.46 ग्राम पीएम और 250 ग्राम कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जित किया जाता है, जबकि दिल्ली में यह औसत 9.91 और 120 ग्राम है। चंडीगढ़ में निजी वाहनों के अधिक और सार्वजनिक परिवहन (बस, लोकल ट्रेन) आदि के कम प्रयोग के कारण ऐसा हो रहा है। चूंकि आज अधिकांश लोग निजी वाहन से यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं, लिहाजा वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

**सड़क परिवहन मंत्रालय की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार 15 वर्ष से ऊपर के निजी वाहनों के साथ-साथ विभागों में लगे पुराने वाहनों को भी स्क्रैप में बदलने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### बोका जूनियर्स ने इबारा को दिखाया बाहर का रास्ता

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के घरेलू फुटबॉल सीजन की खराब शुरुआत के बाद बोका जूनियर्स मैनेजर ह्यूगो इबारा से अलग हो गया है। ब्यूनस आयर्स क्लब ने यह जानकारी दी। बोका के बयान के मुताबिक, 48 वर्षीय सहायक कोच की जगह अंतरिम आधार पर मारियानो हेरॉन लेंगे। क्लब के निदेशक मौरिसियो सेर्ना ने बुधवार को कहा, रिजर्व कोचिंग स्टाफ अभी कुछ दिनों तक कार्यभार संभालेगा। यह आसान नहीं है, लेकिन हम पहले से ही एक नया मुख्य कोच लाने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले जुलाई में सेबस्टियन बटागलिया की जगह लेने के बाद इबारा ने बोका के लिए 20 जीत, सात ड्रॉ और नौ हार का नेतृत्व किया। बोका वर्तमान में अर्जेंटीना की 28-टीम प्राइमेरा डिवीजन स्टैंडिंग में आठ गेम से 11 अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

### मियामी ओपन: कर्स्टी ने सबालेंका को किया अपसेट

**मियामी/अमेरिका।** 10 वर्षों में पहली बार सोराना कर्स्टी डब्लूटीए 1000 टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेलेंगी। गैर वरीयता प्राप्त रोमानियाई खिलाड़ी ने नंबर दो सीड और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराकर बड़ा अपसेट कर दिया। कर्स्टी ने सबालेंका को करियर के पहले मुकाबले में बुधवार रात 6-4, 6-4 से हरा दिया और 2013 में टोरंटो में सेरेना विलियम्स से हारकर उपविजेता रहने के बाद पहली बार इस स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। इस सनशाइन डबल में यह उनका दूसरा क्वार्टर फाइनल था। सबालेंका पर एक घंटे 35 मिनट में जीत डब्लूटीए रैंकिंग में शीर्ष दो खिलाड़ियों के खिलाफ उनकी पहली जीत है।

### अक्षर पटेल अपनी नई भूमिका के लिए उत्साहित

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के नवनियुक्त उप-कप्तान अक्षर पटेल आगामी आईपीएल 2023 सीजन में अपनी नई भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं और ऑलराउंडर इसे अपने विकास और पिछले कुछ वर्षों में किए गए प्रदर्शन के पुरस्कार के रूप में देख रहे हैं। भारतीय ऑलराउंडर, जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम के साथ थे, वे अपने टूर्नामेंट के ओपनिंग मुकाबले से पहले डीसी टीम में शामिल हुए हैं। अक्षर ने अपने ट्विटर हैंडल पर दिल्ली कैपिटल्स द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा: जब आप डीसी कैंप में शामिल होते हैं तो यह पूरी तरह से एक अलग एहसास होता है। अब फ्रेंचाइजी के साथ 3-4 साल हो गए हैं और यह घर जैसा लगता है। मैं 3-4 साल से फ्रेंचाइजी के साथ हूं। जब मैं इसमें शामिल हुआ तो मुझे बहुत अच्छा लग रहा था। यह मेरे लिए एक नई भूमिका है।

# स्पेन मास्टर्स : दूसरे दौर में पहुंचे सिंधु, श्रीकांत और प्रणीत

### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने चोट के कारण मैच छोड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रमुख भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, किदाम्बी श्रीकांत और बी साई प्रणीत ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स 2023 के अपने एकल मैच जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है जबकि सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चोट के कारण अपना मैच छोड़ दिया है। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने स्विट्जरलैंड की जेंजीरा स्टडेलमैन को बुधवार रात 31 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-14 से हराया। सिंधु की स्विस खिलाड़ी पर यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने हाल में स्विस ओपन में स्टडेलमैन को हराया था।

हाल में स्विस ओपन में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सात्विकसैराज और चिराग शेट्टी ने जापानी जोड़ी अयातो एंडो और युता तकयी के खिलाफ मुकाबले में सात मिनट के बाद ही सात्विक की चोट के कारण मैच छोड़ दिया।



#### चोट से वापसी कर रहे थे सात्विक

**सात्विक** ने मैच छोड़ने का कारण बताते हुए कहा: मैं चोट से वापसी कर रहा था। मैं मैच के लिए सौ फीसदी फिट नहीं था इसलिए मैं खुद पर ज्यादा जोर नहीं डालना चाहता था। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली को जापान की जोड़ी से 21-18, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले पुरुष एकल में 21वीं रैंकिंग पर फिसल चुके श्रीकांत ने थाईलैंड के सीथिकोम थम्मासिन को एक घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले में 21-11, 25-27, 23-21 से पराजित किया। बी साई प्रणीत ने चेक गणराज्य के जान लाउडा को 21-16, 18-21, 21-12 से हराया। आकर्षि कश्यप ने कनाडा की विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी मिशेल ली को 12-21, 21-15, 21-18 से हराकर बड़ा अपसेट किया।



## अय्यर ने एनसीए में रिपोर्ट किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने अपनी पीठ की परेशानी की सर्जरी नहीं कराने का फैसला किया है और आवधिक उपचार के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिपोर्ट किया है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार 28 वर्षीय अय्यर को एनसीए में उनके रुकने की अवधि का फैसला स्टाफ द्वारा जांच के आधार पर लिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए चयन के वास्ते उपलब्ध रहना चाहते हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जून के शुरू में (सात जून से) लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। इसके मद्देनजर उन्होंने सर्जरी कराने का फैसला टाल दिया है। सर्जरी से वह कम से कम छह महीने के लिए एक्शन से बाहर रहते। अय्यर से नजदीकी एक सूत्र ने कहा: वह एक विशेषज्ञ और एनसीए अधिकारियों से मिले हैं और सबका यही मानना है कि आपरेशन टाला जा सकता है। वह विशेषज्ञ की सलाह का पालन करेंगे। इस बीच दो बार के चैम्पियन केकेआर को उम्मीद है कि श्रेयस लीग में किसी चरण में उसके अभियान के लिए उपलब्ध होंगे।

# आईपीएल : नए सिरे से शुरू होगी प्रतिद्वंद्विता

## लीग के पहले मैच में आज सीएसके व गुजरात होंगे आमने-सामने

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के पहले मैच में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना 31 मार्च को प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हार्दिक पांड्या के गुजरात टाइटंस से होगा। गुजरात टाइटंस इस सीजन की शुरूआत एक ऐसी टीम के खिलाफ धमाकेदार अंदाज में करना चाहेगी जो लीग की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक है। जहां हार्दिक पांड्या घरेलू समर्थन और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने नाबाद रिकॉर्ड को बनाए रखना चाहेंगे, वहीं सीएसके की टीम कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में नए सत्र में सीधे रिकॉर्ड स्थापित करना चाहेगी।

इन दोनों टीमों के बीच खेले गए दो मैचों में हार्दिक पांड्या की टीम ने जीत हासिल की है। टाइटंस ने अपने पहले सत्र में अच्छी मशीनरी की तरह काम किया और कोच आशीष नेहरा चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी उनकी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ जोरदार तरीके से अपने अभियान की शुरुआत करें। हालांकि, सीएसके को पछाड़ना इस बार मेजबानों के लिए आसान नहीं होगा। पिछले सीजन की शुरुआत से दो दिन पहले टीम की बागडोर हरफनमौला रवींद्र जडेजा को सौंपने के चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी के फैसले से वांछित परिणाम नहीं मिला, जिससे टीम प्रबंधन को अपने भरोसेमंद धोनी के पास वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। दिग्गज भारतीय कप्तान के नेतृत्व में, सुपर किंग्स - जो आईपीएल 2021 चैम्पियन थे, पिछले सीजन की खराब यादों को भूलाकर खुद को साबित करने के लिए उतावले होंगे। धोनी के सबसे भरोसेमंद सिपहसालार जडेजा सीजन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को सौराष्ट्र के इस ऑलराउंडर से काफी उम्मीदें हैं।



### पहला मैच नहीं खेल पाएंगे लिविंगस्टोन

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स को आईपीएल 2023 के अपने पहले मैच में इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन की कमी खलेगी। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम 1 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। हालांकि, लिविंगस्टोन उस मैच के लिए समय पर मोहाली नहीं पहुंच पाएंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि 29 वर्षीय क्रिकेटर, जो दुबई के ऑफ सीजन दौरे पर थे, अगले सप्ताह भारत पहुंचेंगे, संभवतः राजस्थान के खिलाफ अपने दूसरे मैच 5 अप्रैल से पहले। बुधवार को लिविंगस्टोन ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में अपने अभ्यास सत्र की एक तस्वीर पोस्ट की। लिविंगस्टोन ने पाकिस्तान में अपने टेस्ट डेब्यू पर घुटने की चोट के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

### शुरुआती चरण में चूके हेजलवुड

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 2023 आईपीएल के पहले मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे । हेजलवुड को जनवरी में एससीजी टेस्ट में गेंदबाजी करने के बाद समस्या का सामना करना पड़ा, जिसने उन्हें भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर कर दिया था । क्रिकेटडॉटकॉमडॉटएयू के अनुसार, तेज गेंदबाज को भारत में पहले दो टेस्ट में चूकने के बाद वापस सिडनी भेज दिया गया था और आईपीएल के लिए यात्रा करने से पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से परामर्श करेंगे।

#### आईपीएल 2023: मांजरेकर को उम्मीद

### गुजरात टाइटंस पिछले सत्र का आत्मविश्वास आगे लेकर जाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को उम्मीद है कि हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस आईपीएल 2022 को जीतने से मिला आत्मविश्वास 31 मार्च से अहमदाबाद में शुरू हो रहे इस सत्र में लेकर जायेगी। लीग में अपने पहले सत्र में उन्होंने लीग चरण में 10 जीत और चार हार के साथ 20 अंक लेकर टॉप किया था। प्लेऑफ में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स को पहले क्वालीफायर और खिताबी मुकाबले में सात विकेट के समान अंतर से हराया था और आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में खिताब जीता था।

आईपीएल 2023 में गत चैम्पियन के रूप में प्रवेश करते हुए गुजरात 2023 सत्र की शुरुआत शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार बार के विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी। मांजरेकर ने कहा: आईपीएल 2022 नीलामी में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था, लेकिन उन्होंने खिताब जीत लिया। उन्होंने कई बड़े दांव खेले जैसे हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाना। किसी ने नहीं सोचा होगा कि वह इतने शानदार कप्तान निकलेंगे। उन्होंने कहा: आईपीएल में लम्बे समय से फ्लॉप रहे डेविड मिलर का अचानक सर्वश्रेष्ठ सत्र निकला और उस फॉर्म को वह अंतर्राष्ट्रीय करियर में ले गए। यह एक टीम निर्माण था और वास्तविक लोगों ने इसका समर्थन किया।

### रवींद्र जडेजा के बल्लेबाजी क्रम में हो सकता है बदलाव

**हरभजन** सिंह का मानना है कि बाएं हाथ के स्पिन आलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में उच्च स्थान पर धकेला जा सकता है। जडेजा के पास आईपीएल 2022 में एक भूलने वाला समय था, उन्होंने 10 पारियों में 19.33 की औसत से केवल 116 रन बनाए और 7.52 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए। इसके अलावा, वह पिछले साल प्रतियोगिता की शुरुआत में सीएसके के कप्तान थे, लेकिन एमएस धोनी ने नेतृत्व के कर्तव्यों को बीच में ही वापस ले लिया और शीघ्र ही जडेजा को पसली की चोट के कारण बाकी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। अब आईपीएल 2023 से पहले जडेजा ने आस्ट्रेलिया पर भारत की 2-1 टेस्ट सीरीज जीत में प्लेयर आफ द सीरीज अवार्ड जीता है।



## इंटरनेशनल स्टेडियम को लेकर आरसीए और हिंदुस्तान जिंक के बीच समझौता

### भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम अनिल अग्रवाल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान क्रिकेट के लिए आज का दिन काफी बड़ा रहा। इंटरनेशनल स्टेडियम को लेकर आरसीए और हिंदुस्तान जिंक के बीच समझौता हुआ है। समझौते के बाद स्टेडियम का नाम अनिल अग्रवाल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। अनिल अग्रवाल की बेटी प्रिया अग्रवाल ने स्टेडियम निर्माण के लिए आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत को 300 करोड़ रुपए का चैक सौंपा। समझौता विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में हुआ।

राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 के अवसर पर अनिल अग्रवाल ने राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा निर्माण किये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सहयोग करने की घोषणा की थी। इसी कड़ी में अब हिंदुस्तान जिंक स्टेडियम के लिए 300 करोड़ रुपये देगा। आरसीए एकेडमी पर राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले हस्ताक्षर समारोह में डॉ. सीपी जोशी (अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा एवं मुख्य संरक्षक आरसीए), वैभव गहलोत (अध्यक्ष राजस्थान क्रिकेट संघ), प्रिया अग्रवाल हैबर (चैयरपर्सन, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड एवं डायरेक्टर वेदांता लिमिटेड) अरूण मिश्रा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड) ऋतु झिंगोन (डायरेक्टर ग्रुप कम्युनिकेशन, वेदांता लिमिटेड) उपस्थित रहे।

## फुटबॉल | आईडब्ल्यूएल 2023 के लिए समूहों की घोषणा

# 16 टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया

### फुटबॉल हाउस में ड्रॉ के बाद की गई घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आगामी भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) के समूहों की घोषणा गुरुवार को यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ के बाद की गयी। ड्रा में उपस्थित लोगों में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन भी थे। इस अवसर पर डॉ. प्रभाकरन ने कहा: हीरो आईडब्ल्यूएल का यह सीजन एक अधिक प्रतिस्पर्धी लीग की योग्यता टूनार्मेंट की तरह है जो अगले अभियान में प्रभावी होगा।

सभी 16 टीमों को मेरी शुभकामनाएं, जो हीरो आईडब्ल्यूएल का हिस्सा होंगी। हमने कई क्लबों के साथ बैठक की। भारतीय महिला फुटबॉल के विकास के लिए एक समग्र स्थिति बनाने के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए हैं। आईडब्ल्यूएल 25 अप्रैल से शुरू होगा। लीग में 16 टीमें दो समूहों में विभाजित होंगी। प्रत्येक समूह की शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। शीर्ष आठ टीमों को अगले सीजन के आईडब्ल्यूएल में सीधे स्लॉट भी मिलेंगे, जो होम-एंड-अवे आधार पर खेले जाएंगे।

**समूहीकरण**

**ग्रुप ए :** गोकुलम केरल एफसी, माता रुक्मणी एफसी, एचओपीएस एफसी, मिसाका यूनाइटेड एफसी, कहानी एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी, स्पोर्ट्स ओडिशा और मुंबई नाइट्स एफसी।

**ग्रुप बी :** सेतु एफसी, किकस्टार्ट एफसी, सेल्टिक क्वींस एफसी, ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन, सीआरपीएफ एफसी, चर्चिल ब्रदर्स एफसीजी, लॉर्ड्स एफए कोच्चि और ओडिशा एफसी।

### अंडर-17 एशिया कप के एक ही ग्रुप में भारत, जापान, वियतनाम

**एजेंसी। बैंकॉक**



एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने एएफसी अंडर-17 एशिया कप के लिए गुरूवार को ड्रा की घोषणा की। टूर्नामेंट यहां 15 जून से दो जुलाई तक होगा। 16 टीमों को चार ग्रुपों में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉक आउट दौर में प्रवेश करेंगी। नॉक आउट दौर में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल होंगे। भारत को ग्रुप डी में तीन बार के विजेता जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों का इस वर्ष नवम्बर में पेरू में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप में स्थान सुरक्षित हो जाएगा।

**ग्रुप ए :** थाईलैंड, यमन, मलेशिया, लाओस
**ग्रुप बी :** कोरिया, ईरान, अफगानिस्तान, कतर
**ग्रुप सी :** ताजिकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, चीन
**ग्रुप डी :** जापान, भारत, वियतनाम, उज्बेकिस्तान



# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### पाकिस्तान जाने की फिराक में अमृतपाल

**जालंधर।** पंजाब पुलिस से भागा-भागा फिर रहा खालिस्तानी नेता और वारिस पंजाब दे का मुखिया अमृतपाल सिंह पाकिस्तान भागने की फिराक में है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई (आईएसआई) अमृतपाल को पंजाब से निकालकर पाकिस्तान पहुंचाने की फिराक में है। खुफिया अलर्ट के बाद पंजाब से सटी पाकिस्तान की सीमा पर फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस पर बीएसएफ और सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस पर पंजाब पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। गौरतलब है कि 18 मार्च को पंजाब पुलिस ने अमृतपाल और उसके खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू किया था। तब से अमृतपाल फरार है।

### सलमान खान को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**मुंबई।** सलमान खान को बॉम्बे हाईकोर्ट से 2019 के एक मामले में बड़ी राहत मिली है। इसके तहत सलमान खान को अंधेरी कोर्ट में अब हाजिरी नहीं लगानी पड़ेगी। अंधेरी कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन को भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। इसके साथ ही सलमान के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द करने का आदेश दे दिया है। बता दें कि 2019 में एक पत्रकार ने सलमान खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पत्रकार ने एक्टर पर मारपीट और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसी मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सलमान खान को क्लीन चिट दे दी है।

### विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर 17 यात्रियों को छोड़ उड़ गया विमान

**विजयवाड़ा।** कुवैत जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान बुधवार को टिकट पर दिए गए प्रस्थान समय से तीन घंटे पहले उड़ गया, जिससे विजयवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 17 यात्री फंस गए। यात्रियों को सुबह 11 बजे एयरपोर्ट पर सूचना दी गई कि विमान सुबह 9.55 बजे ही रवाना हो गया तो वे चौंक गए। इन यात्रियों द्वारा दो दिन पहले बुक किए गए टिकट के अनुसार आईएक्स 695 उड़ान का प्रस्थान समय दोपहर 1.10 बजे था। यात्रियों ने शिकायत की कि उन्हें प्रस्थान के समय में बदलाव के बारे में कोई पूर्व सूचना नहीं थी, उन्हें 11 बजे रिपोर्ट करने के लिए कहा गया था, लेकिन नए प्रस्थान समय के बारे में सूचित नहीं किया गया।

# इंदौर में मंदिर की बावड़ी में गिरे श्रद्धालु, 13 शव बरामद

**एजेंसी। इंदौर**

इंदौर के पटेल नगर इलाके में झूलेलाल मंदिर की बावड़ी में गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इंदौर के कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बताया कि अभी तक 13 शव बरामद किए जा चुके हैं। 19 लोगों को बचाया गया है और उसमें से कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में बेलेश्वर महादेव मंदिर स्थित बावड़ी में कुछ श्रद्धालुओं की फंसे होने की घटना का संज्ञान लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंदौर ने बताया कि झूलेलाल मंदिर से कई लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। कई एंबुलेंस भी तैनात की गईं हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर में पुरातन बावड़ी की छत पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी और छत ज्यादा लोगों का बोझ नहीं सहन कर सकी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर कलेक्टर और कमिश्नर से फोन पर चर्चा कर रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ऑफिस, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। इंदौर पुलिस के आला अधिकारी, जिला प्रशासन के आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद है। श्रद्धालुओं को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### 5-5 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि इंदौर हादसे के मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं।

### पीएम ने दुख जताया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पुरातन बावड़ी की छत धंसने की घटना पर दुख जताया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से बात कर हालात की जानकारी ली। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहाः इंदौर में हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और ताजा स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार तेजी से बचाव और राहत कार्य चला रही है। सभी प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ मेरी प्रार्थना।

# ईडी ने शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में 5 को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि उसने शेयर बाजार धोखाधड़ी से संबंधित एक पीएमएलए मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें आरोपियों ने अपराध की आय के रूप में 200 करोड़ रुपये कमाए। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की पहचान सिक्योरक्लाउड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एसटीएल) के प्रमोटर और अध्यक्ष सुरेश वेंकटचारी, आर.एस. रमानी, प्रमोटर और सिक्योरक्लाउड के पूर्व सीएफओ, अनुपम गुप्ता, प्रो फिन कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक, हेमल मेहता और एक शेयर ब्रोकर रोहित अरोड़ा के रूप में हुई है। उन्हें 24 मार्च को धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

सीसीबी, चेन्नई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए के तहत एक मामला दर्ज किया गया था, जिसके अनुसार कुछ शेयर ब्रोकर्स और वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनियों ने वेंकटचारी को ऋण प्राप्त करने के लिए गिरवी रखे गए शेयरों को बेचकर धोखा दिया था। शिकायतकर्ता ने कहा कि ऋण देने वाले शेयर ब्रोकरों ने डिलीवरी निर्देश पर्ची पर जाली हस्ताक्षर किए और शेयरों को ऑफ-मार्केट में बेच दिया।

अधिकारी ने कहाः पीएमएलए जांच से पता चला है कि इन शेयर ब्रोकरेज और वित्तीय सेवा कंपनियों के निदेशकों और लाभकारी मालिकों ने ऑफ-मार्केट में 160 करोड़ रुपये के शेयरों को स्थानांतरित कर दिया है और बाद में उन्हें बेच दिया है। जांच से यह भी पता चला है कि वेंकटाचारी और रमानी कंपनी के बही-खातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करके, कंपनी के धन को एसटीएल के सीएफओ और सीईओ की हिस्सेदारी वाली कंपनियों की असंबद्ध व्यावसायिक गतिविधियों के लिए डायवर्ट करके आम जनता को धोखा देने की बड़ी साजिश में शामिल हैं। रमानी ने खुले बाजार में 110 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए और वेंकटचारी ने शेयर दलालों से 40 करोड़ रुपये का कर्ज लिया।

ईडी ने कहा कि गुप्ता और मेहता आपराधिक साजिश का हिस्सा थे और इनसाइडर ट्रेडिंग गतिविधि में लिप्त थे और 8 हजार माइल्स (अब सिक्योरक्लाउड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने की कोशिश की। गुप्ता ने वेंकटचारी के शेयर बेचे और उन्हें 14 करोड़ रुपये प्रदान किए, 8 हजार माइल्स शेयरों की अवैध ट्रेडिंग गतिविधि में प्रवेश किया और अंततः शेयर आम जनता को दे दिए। वेंकटचारी के लिए यह काम करने के एवज में मेहता को शेयरों के रूप में पैसा दिया गया था।

अधिकारी ने कहाः अरोड़ा ने यह जानते हुए भी कि यह एक अवैध गतिविधि है, इन सभी लेन-देन में मदद की। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों ने 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। आरोपियों को पीएमएलए, चेन्नई के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया और उन्हें 6 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चाइनीज लोन एप मामले में 106 करोड़ रुपये फ्रीज



**प्रवर्तन** निदेशालय ने कहा कि उसने चाइनीज लोन एप धोखाधड़ी मामले में मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में पड़े 106 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए हैं। ईडी ने जनता से जबरन वसूली और उत्पीड़न में संलिप्तता के संबंध में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु द्वारा कर्नाटक मनी लेंडर्स एक्ट, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, कर्नाटक प्रोहिबिशन ऑफ चार्जिंग एक्सोर्बिटेंट इंटरेस्ट एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कई संस्थाओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में इन संस्थाओं के तौर-तरीकों का खुलासा हुआ। कुछ लोगों को चीनी नागरिकों की ओर से डमी निदेशक नियुक्त करके इस धंधे में शामिल किया गया था, जो कंपनी के कर्मचारियों के केवाईसी दस्तावेज प्राप्त करते थे और उन्हें ऐसी संस्थाओं में निदेशक के रूप में नियुक्त करते थे और यहां तक कि उनकी जानकारी या पूर्व सहमति के बिना उनके नाम से बैंक खाते भी खोलते थे।

# दिल्ली के जहांगीरपुरी में निकाला गया रामनवमी का जुलूस

### पुलिस ने श्री राम भगवान प्रतिमा यात्रा आयोजित करने की अनुमति देने से कर दिया था इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में गुरुवार को पुलिस के आदेश की अवहेलना कर रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाला जा रहा है। भारी पुलिस बल के बीच सैकड़ों लोगों ने जुलूस में भाग लिया। इससे पहले दिन में, कानून व्यवस्था बनाए रखने और जुलूस के चलते किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी संख्या में पुलिस कर्मियों को इलाके में तैनात किया गया था।

सोमवार को दिल्ली पुलिस ने श्री राम भगवान प्रतिमा यात्रा आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था, साथ ही उसी क्षेत्र के एक पार्क में रमजान की नमाज अदा करने से मना कर दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, उत्तर-पश्चिम जिला द्वारा सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है : मुझे आपको सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि गुरुवार को रामनवमी महोत्सव के अवसर पर श्री राम भगवान प्रतिमा यात्रा के लिए आपके अनुरोध पर विचार किया गया है। लेकिन कानून और व्यवस्था के दृष्टिकोण से स्वीकार नहीं किया जा सका।

### छत्रपति संभाजीनगर में झड़प, आगजनी व पथराव

**छत्रपति संभाजीनगर।** ऐतिहासिक शहर में बुधवार-गुरुवार की रात दो गुटों के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान आधा दर्जन वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार देर रात कुछ लोगों द्वारा नारेबाजी करने और एक-दूसरे पर पथराव करने के बाद झड़पें हुईं। जल्द ही यह और अधिक हिंसक हो गया और आसपास के कई वाहनों को दंगाइयों ने आग के हवाले कर दिया। स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीमों को वहां भेजा गया, लेकिन पथराव करने वालों ने उन्हें भी निशाना बनाया। गुरुवार सुबह स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से संयम बरतने की अपील की। अल्पसंख्यक बहुल शहर में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) के विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने झड़पों की निंदा की और गड़बड़ी के लिए भारतीय जनता पार्टी और एआईएमएमआई को जिम्मेदार ठहराया।

# त्रिपुरा भाजपा विधायक ने विस में मोबाइल पर देखा अश्लील वीडियो

**एजेंसी। अगरतला**


त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के विधायक जदब लाल देबनाथ विधानसभा सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखते कैमरे में कैद हो गए। भाजपा त्रिपुरा के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने आईएएनएस को बताया कि पार्टी जल्द ही उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगेगी। सत्र के दौरान नाथ का एक वीडियो देखते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसकी तीखी आलोचना की जा रही है और विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। कथित वायरल वीडियो के मुताबिक विधायक अपने मोबाइल फोन पर कुछ अश्लील सामग्री देख रहे थे। नवगठित त्रिपुरा विधानसभा का पहला तीन दिवसीय सत्र 24 मार्च और 27-28 मार्च को आयोजित किया गया था।

### आंध्र प्रदेश : मंदिर में लगी आग, दहशत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में गुरुवार को रामनवमी समारोह के दौरान एक मंदिर में आग लग गई। यह घटना दुव्वा के वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में हुई। मंदिर परिसर में उत्सव के लिए बनाया गया मंडप आग में जलकर खाक हो गया। कल्याण उत्सव में भाग लेने के दौरान इस घटना से दहशत फैल गई और वह खुद को बचाने के लिए बाहर भागे। मंदिर परिसर से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ श्रद्धालुओं द्वारा पटाखे जलाए जा रहे थे, इसी दौरान एक जलता हुआ पटाखा मंडप पर गिर गया।

## FILMY हलचल

### 'मैदान' का टीजर हुआ रिलीज



**बॉलीवुड** सुपरस्टार अजय देवगन की आगामी फिल्म 'मैदान' का टीजर गुरुवार को जारी किया गया। ट्रेलर 1952 के हेलसिंकी, फिनलैंड में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के मोनोक्रोम शॉट्स के साथ शुरू होता है और फुटबॉल में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कहानी बताता है। 1952 से 1962 के दशक को भारतीय फुटबॉल का 'स्वर्ण युग' माना जाता है। यह फिल्म हैदराबाद के महान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी बताती है, जिन्होंने अपने सबसे शानदार दिनों में भारतीय टीम का नेतृत्व किया। फिल्म में प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रुद्रनील घोष भी हैं। अमित रविंद्रनाथ शर्मा द्वारा निर्देशित, जी स्टूडियो, बोनी कपूर, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला द्वारा निर्मित, फिल्म की पटकथा और संवाद क्रमशः साईविन क्वाड्रास और रितेश शाह द्वारा लिखे गए हैं।

### 'पोन्नियिन सेलवन 2' : मणिरत्नम की ग्रैंड फिल्म का ट्रेलर रिलीज



मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 2' के निर्माताओं ने ट्रेलर जारी कर दिया है। कल्कि कृष्णमूर्ति के उपन्यास पर आधारित फिल्म में 10वीं शताब्दी के चोल राजवंश की कहानी को दर्शाया गया है। चोल साम्राज्य के सम्राट राजा चोलन फिल्म में एक प्रमुख पात्र हैं। समारोह में ऐश्वर्या राय बच्चन, जो फिल्म में नंदिनी की भूमिका निभा रही हैं, गुलाबी परिधान में रेड कार्पेट पर चलीं। जबकि तृषा, जो राजकुमारी कुंदवी की भूमिका निभा रही हैं, नीले रंग की एम्बेलिश्ड साड़ी में काफी खूबसूरत लग रही थी। निर्माता लाइका प्रोडक्शंस के आधिकारिक पेज ने त्रिशा के सिंहासन पर बैठने का वीडियो साझा किया। फिल्म का पहला भाग, 'पोन्नियिन सेलवन 1' चोल काल और राजवंश के भीतर विभिन्न झगड़ों को दर्शाता है। 'पोन्नियिन सेलवन 2', इसके निर्माताओं के अनुसार, चोल साम्राज्य सबसे समृद्ध और शक्तिशाली राजवंशों में से एक था और काफी लंबे समय तक शासन किया। 'पोन्नियिन सेलवन 2' या 'पीएस2' की स्टार कास्ट में विक्रम, त्रिशा, कार्थी, ऐश्वर्या राय बच्चन, जयम रवि और ऐश्वर्या लक्ष्मी शामिल हैं। फिल्म में संगीत ए.आर. रहमान का है। कैमरे का संचालन रवि वर्मन कर रहे हैं।

### दीपिका चिखलिया ने रीक्रिएट किया 'रामायण' से सीता का लुक



**अभिनेत्री** दीपिका चिखलिया को 1987 में प्रसारित रामानंद सागर के पौराणिक सीरियल 'रामायण' में सीता के किरदार के लिए हमेशा याद किया जाता है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्हें भगवा रंग की साड़ी पहने और भगवान राम की पूजा करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि यह वही साड़ी है जो मैंने लव कुश कांड के दौरान पहनी थी। इससे पहले भी उन्होंने दो वीडियो शेयर किए थे और शो में अपने सफर को याद किया था। एक वीडियो में उन्होंने शो के एक सीन को रीक्रिएट किया और लिखा कि थ्रो बैक, पुरानी यादें, अनएडिटेड फुटेज या क्या इसे रीक्रिएट किया गया है। उनके पोस्ट को उनके फैंस ने काफी सराहा। उनमें से एक ने कहा, मैम, हम सभी आपके इन तीन इंस्टा पोस्ट के लिए हमेशा आपके आभारी रहेंगे।

### अभिनेता भुवन अरोड़ा आईएमडीबी के नए ब्रेकआउट स्टार के लिए सम्मानित

स्ट्रीमिंग सीरीज 'फर्जी' में अपने काम से दर्शकों को प्रभावित करने वाले युवा अभिनेता भुवन अरोड़ा को आईएमडीबी द्वारा ब्रेकआउट स्टार के लिए स्टारमीटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इससे पहले, आदर्श गौरव, नताशा भारद्वाज, अयो एडेबिरी, रेगे-जीन पेज, ब्री लार्सन, बिल स्कार्सगार्ड, डेजी एडगर-जोन्स और करेन फुकुहारा को इस उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। शो में भुवन ने फिरोज का किरदार निभाया है, जो अपराध में साथी और सनी का सबसे अच्छा दोस्त है, एक कलाकार जो फर्जी नोट बनाने पर जालसाजी में फंस जाता है। पुरस्कार पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेता ने कहा, दुनिया भर के सभी प्रशंसकों और पेशेवरों को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने 'फर्जी' में मेरी भूमिका के लिए मुझे इतना प्यार दिया।

## कर्नाटक चुनाव: पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा का दावा

# मुसलमानों के साथ 'अन्याय' नहीं किया

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य बी.एस. येदियुरप्पा ने गुरुवार को दावा किया कि उनकी पार्टी ने समुदायों के लिए आरक्षण कोटा तय करते हुए राज्य के मुसलमानों के साथ कोई अन्याय नहीं किया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि 4 प्रतिशत आरक्षण को स्थानांतरित करने से मुस्लिम समुदाय को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहाः मुसलमानों को ईडब्ल्यूएस कोटा के तहत लाया गया है। कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। येदियुरप्पा ने आगे कहा कि चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संभव नहीं था, इसलिए उन्हें ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत लाया गया है। केंद्र सरकार गरीब और किसान हितैषी योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मतभेद हैं तो दूर किया जाएगा। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में पिछली कैबिनेट बैठक के बाद नए आरक्षण कोटा की घोषणा की है। उन्होंने ओबीसी श्रेणी के तहत मुसलमानों के 4 प्रतिशत कोटा को वापस लेकर राज्य के प्रभावशाली समुदायों लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के कोटा में 2 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने लिनागायत को 7 फीसदी, वोक्कालिगा को 6 फीसदी, एससी (बाएं) को 6 फीसदी, एससी (दाएं) को 5.5 फीसदी, भोवी, बंजारा और अन्य को 1 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा की थी। घोषणा के परिणामस्वरूप राज्य भर में हिंसा और विरोध की घटनाएं हुईं। भाजपा ने इसे कांग्रेस का षड्यंत्र और उकसावा करार दिया है। राज्य कांग्रेस इकाई ने कहा कि वह सत्ता में आते ही नए आरक्षण कोटे को खत्म कर देगी।

### कांग्रेस-जेडीएस का नहीं होगा गठबंधन

#### सिद्धारमैया बोले- 60 सीट भी नहीं जीतेगी भाजपा

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी भी खूब होने लगी है। इस बीच जेडीएस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने साफ कर दिया कि चुनाव में कांग्रेस और जेडीएस का गठबंधन नहीं होगा। वहीं, जेडीएस प्रमुख के इस बयान पर कांग्रेस ने भी पलटवार किया। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहाः हमने न तो उन्हें (जेडीएस) फोन किया और न ही साथ आने को कहा। उधर, कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने भाजपा पर निशाना साधा। सिद्धारमैया ने कहा कि बीजेपी 60 सीट भी नहीं जीत पाएगी।